# जीवन रक्षक दवा के सैंपल में एचआईवी रिएक्टिव मिलने का दावा

## मप्र हाईकोर्ट में पूरी हुई सुनवाई, फैसला सुरक्षित



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र हाईकोर्ट ने लीवर, किडनी और हृदय रोगों की सर्जरी में उपयोग होने वाली मानव प्लाज्मा आधारित एक जीवन रक्षक दवा को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। दरअसल एक जनहित याचिका में दावा किया गया है कि इस दवा के एक सैंपल की जांच में एचआईवी रिएक्टिव रिपोर्ट सामने आई।

याचिकाकर्ता ने दवा की बिक्री और उपयोग पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए आशंका जताई है कि समय रहते प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो जनस्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। दोनों पक्षों की विस्तृत सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

### ये है पूरा मामला

इस मामले में नरसिंहपुर निवासी शुभम कौरव द्वारा दायर जनहित याचिका के जरिए बताया कि उन्होंने 8 अप्रैल 2024 को चिकित्सकीय पर्चे के आधार पर जबलपुर के नेपियर टाउन स्थित एक मेडिकल स्टोर से ह्यूमन एल्ब्यूमिन सॉल्यूशन के तीन एम्पुल खरीदे थे। यह दवा गंभीर मरीजों को इंजेक्शन के माध्यम से दी जाती है। याचिका में कहा गया है कि दवा लगाने से पहले एहतियातन एक एम्पुल की प्रयोगशाला में जांच कराई गई, जिसमें कथित रूप से एचआईवी रिएक्टिव रिपोर्ट प्राप्त हुई। इसके बाद पुष्टि के लिए दूसरी उन्नत प्रयोगशाला में परीक्षण कराया गया, जहां भी याचिकाकर्ता के अनुसार समान परिणाम सामने आया।

### फैसले पर टिकी निगाहें

याचिका में आरोप लगाया गया है कि संबंधित विभागों और अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद जनहित में हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दवा की बिक्री एवं उपयोग पर तत्काल रोक लगाने और आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की गई।

मामले में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ), मप्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त, ड्रग इंस्पेक्टर, जबलपुर तथा संबंधित दवा निर्माता कंपनी सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। बहरहाल अब निगाहें इस बात पर हैं कि न्यायालय इस जनहित याचिका पर क्या निर्देश जारी करता है।

# खुलेआम बिक रही अवैध शराब स्कूल को बनाया पीने का अड्डा

## पाटन स्थित ग्राम नीची का मामला, महिलाओं ने लगाई न्याय की गुहार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन विधानसभा अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र के नीची ग्राम में अवैध शराब बिक्री से त्रस्त महिलाओं ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव को अपनी पीड़ा सुनाई। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि कई लोग स्कूल परिसर में बैठकर शराब पीते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और वे भय के माहौल में स्कूल जाने को मजबूर हैं। महिलाओं का कहना है कि गांव के अनेक मजदूर अपनी दिनभर की मेहनत की कमाई शराब में खर्च कर देते हैं, जिसके बाद घर पहुंचकर महिलाओं के साथ विवाद और मारपीट करते हैं। इससे गांव का सामाजिक वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है।

### हर जगह कर चुके शिकायत

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि अवैध शराब बेचने वाला व्यक्ति खुलेआम कहता है कि उसे पुलिस का कोई डर नहीं है और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या की शिकायत वे कई बार नूनसर थाना, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनकी इस जनसमस्या को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा तथा अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।



## पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर से मिले दिशा निर्देशन में 4 जुलाई से प्रदेश भर में चलाए जा रहे स्वैच्छिकता पर्व के प्रथम चरण में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण अभियान के तहत सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गोसलपुर ग्राम स्थित रामसागर तालाब के पास ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयोजन में पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जीडी रायपुरिया ने बैल कदम का पौधा रोपकर सुरक्षा का संकल्प लिया। सभी विकासखंड की सभी समितियां को इस अभियान के तहत बृहद स्तर पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर समाजसेवी सुनील गायकवाड, हेमचंद असाटी, चंदू सेन, आदि असाटी ,विकास यादव, आदया असाटी मौजूद थे।

# जिनसार ने चलाया स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रम



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अल्पसंख्यक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के अंतर्गत 04 जुलाई 2026 को विक्टोरिया अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विषय था प्रणालीगत बाधाओं को दूर कर सांस्कृतिक रूप से सक्षम एवं समान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना। कार्यक्रम के दौरान मरीजों, उनके परिजनों एवं आमजन को मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक भेदभाव, मानसिक रोगों से जुड़े मिथकों तथा समय पर उपचार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक के वितरण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को अधिकार के रूप में स्वीकार करने, भेदभाव समाप्त करने तथा सहानुभूति एवं समावेशिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

यह कार्यक्रम संस्थान की प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में तथा अरविंद यादव एवं ऋषिका कोठारी के समन्वयन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोना हमारी जिम्मेदारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकमत पत्र समूह के संस्थापक स्व जवाहरलाल दर्डा की स्मृति में निर्मित होने वाले स्वतंत्रता सेनानी जवाहरलाल दर्डा सभा भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक अशोक रोहाणी थे एवं अध्यक्षता लोकमत समूह के एडिटर इन चीफ, पूर्व उद्योग मंत्री महाराष्ट्र शासन राजेंद्र दर्डा ने की। इस अवसर पर लोकमत समूह के अशोक जैन, इंजी अंशुमन शुक्ला, जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को केवल इतिहास तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि नई पीढ़ी तक उनकी प्रेरणा पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जबलपुर का स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष योगदान रहा है। राष्ट्रीय ध्वज आंदोलन से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन की अनेक महत्वपूर्ण घटनाएं इस शहर से जुड़ी हैं।

## रूपए ना देने पर मारा चाकू

**जबलपुर ।** कैंट थाने में 19 वर्षीय अनुराग रजक निवासी झिरिया सदर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की बीती रात उसके दोस्त सिद्धांत खरे के साथ मोहल्ले में घूम रहा था। उसी समय पहचान के शिवम ठाकुर ने सिद्धांत खरे को फोन कर उससे बात किया और शिवम बोला कि मैं यही चौपाटी के पास खड़ा हूँ। मेरी गाड़ी में पेट्रोल खत्म हो गया है। मदद के लिये ट्राफिक जाम होटल के पास मेनरोड बुलाया, वह सिद्धांत खरे के साथ बाइक से शिवम के पास पहुंचा। शिवम ठाकुर और उसके अन्य साथी ट्राफिक जाम के पास खड़े थे। शिवम ठाकुर उससे शराब पीने के लिए सौ-दो सौ रुपए मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर शिवम गाली गलौज कर मारपीट करने लगे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाकर ही विकसित होगा आत्मनिर्भर भारत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रांत द्वारा भारतीय शिक्षा दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न स्वरूप विषय पर व्याख्यान का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, जगदीश मंदिर, गढ़ा फाटक में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एड. जिनेन्द्र जैन ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रांत के प्रांत संयोजक डॉ. नीलेश पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण एवं विषय की भूमिका प्रस्तुत की। उन्होंने भारतीय शिक्षा दिवस के



महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) राजेश वर्मा ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था में मूल्य आधारित शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली के समावेश पर बल दिया।

## हाईटेक होगा जबलपुर विकास प्राधिकरण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने और जबलपुर विकास प्राधिकरण के कामकाज को अधिक पारदर्शी, सुगम व पर्यावरण संरक्षण अनुकूल परियोजनाओं को बनाने के उद्देश्य से आज जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन द्वारा विभिन्न विभागों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में संदीप जैन ने निर्देश दिए कि आने वाले समय में जेडीए को पूरी तरह से पेपरलेस और डिजिटल किया जाए। इसके लिए ई-फाइलिंग प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा, जिससे फाइलों का निपटारा तेजी से हो सके और कार्यों में लेत-लतीफी पर लगाम लगेगी।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर अजाक्स अध्यक्ष को ब्लैकमेल करने का आरोप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम के कर्मचारी और मप्र अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा ने कुछ व्यक्तियों पर उनके खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर ब्लैकमेल करने और झूठी शिकायतें करने का गंभीर आरोप लगाया है। अमित मेहरा ने संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर, एसपी और नगर निगम आयुक्त सहित ओमती थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अमित मेहरा का आरोप है कि नरसिंह कनौजिया, आशीष सैनी, जगदीश बड़गैया, शिव पराग और इंदौर निवासी टीटू यादव ने आपसी मिलीभगत से उनके नाम की कक्षा 8वीं की एक फर्जी अंकसूची तैयार की है। इस दस्तावेज का उपयोग कर आरोपी



विभिन्न शासकीय विभागों में झूठी शिकायतें भेज रहे हैं। शिकायत में इन गतिविधियों के जरिए उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई जा रही है और अवैध धन की मांग कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित कर्मचारी के अनुसार, आरटीआई से प्राप्त आधिकारिक रिकॉर्ड बताते हैं कि उनकी वास्तविक अंकसूची वर्ष 2004 की है, जबकि आरोपियों द्वारा वर्ष 2001-2002 की कथित फर्जी अंकसूची के आधार पर भ्रम फैलाया जा रहा है। अमित मेहरा मामले को लेकर जबलपुर न्यायालय में परिवाद भी दायर किया है, जिसमें अदालत ने ओमती थाना प्रभारी से जांच प्रतिवेदन मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को तय की गई है।

# मिले हाथ को झटका देकर कई कर्मचारियों ने थामा लाल झंडा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गन कैरिज फैक्ट्री में आगामी 25 जुलाई को होने वाले कार्य समिति चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बार मैदान में 'मजदूर संघ हथौड़ा व इंटक' गठबंधन और 'मिले हाथ यूनियन व श्रमिक सेवा संघ' गठबंधन के बीच सीधा और दिलचस्प मुकाबला देखा जा रहा है। चुनाव के ठीक पहले मजदूर संघ हथौड़ा के पक्ष में कर्मचारियों का झुकाव तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। हाल ही में मिले हाथ यूनियन के जेसीएम सदस्य राजेंद्र वर्मा ने विरोधी खेमा छोड़कर मजदूर संघ हथौड़ा का दामन थाम लिया था। संगठन की संघर्षशील और पारदर्शी कार्यशैली से प्रभावित होकर उनके इस फैसले के बाद, अब उनके समर्थक कर्मचारियों का भी हथौड़ा संघ में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले सप्ताह आधा दर्जन कर्मियों के शामिल होने के बाद आज पुनः कई कर्मचारियों ने संगठन की सदस्यता ली। सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मचारियों में नितिन ताकसांडे, सुनील पांडेय, संजय गुर्जर, माया बाई, सुनीता, ममता, ओमवती बाई और द्रोपदी बाई शामिल हैं।

नए सदस्यों के आने से चुनाव से ठीक पहले हथौड़ा-इंटक गठबंधन की स्थिति बेहद मजबूत हो गई है। इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में शांता सहाय, कीर्ति राय, प्रीत पाल भामरा, अनिल कोस्टा, उदय सिंह, दीप विश्वकर्मा, भीम राज मीणा, विनय उपाध्याय, सुशील पासी और सुनु पापचंद ने आगामी चुनाव में ऐतिहासिक जीत का दावा किया।

## जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस के रूट में होगा आंशिक बदलाव

**जबलपुर।** आगामी अक्टूबर महीने में जबलपुर से अजमेर के बीच चलने वाली 'दयोदय एक्सप्रेस' के रूट में आंशिक बदलाव किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के मांडावरिया-किशनगढ़ रेलखंड पर स्थित ब्रिज संख्या 292 पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब बदलने का कार्य किया जाना है, जिसके चलते रेलवे ने इस अवधि में ट्रेन को आंशिक रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस आगामी 24 अक्टूबर को जबलपुर स्टेशन से अपने निर्धारित समय पर रवाना तो होगी, लेकिन यह केवल जयपुर स्टेशन तक ही जाएगी। इसका मतलब यह है कि 24 अक्टूबर को जयपुर से अजमेर रेलखंड के बीच इस ट्रेन की सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेंगी और यात्रियों को जयपुर में ही अपनी यात्रा समाप्त करनी होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस अगले दिन यानी 25 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन अजमेर से रवाना नहीं होगी।

# अचानक डिंडोरी पहुंचे संभागायुक्त विद्यार्थियों और किसानों से किया संवाद

## अनुसूचित जनजाति बाहुल्य विकासखण्ड बजाग में किया निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने डिंडौरी जिले के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य विकासखण्ड बजाग में सघन भ्रमण कर शासन की विभिन्न योजनाओं गतिविधियों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान हाईस्कूल सरवाही और आयुष्मान आरोग्य मंदिर हर्रा टोला का निरीक्षण किया। सरवाही में उन्होंने विद्यार्थियों से उनके शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया तथा विद्यार्थियों से कहा कि वे नियमित पठन पाठन करें। हर्रा टोला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाईयों की उपलब्धता व एवं वितरण पंजी का



निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा हर्रा टोला में ही सहकारी संस्था का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। संभागायुक्त श्री सिंह ने मझियाखार में कृषक जीतेन्द्र साहू द्वारा की जा रही जैविक उद्यानिकी मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से संवाद कर उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर उद्यानिकी को उन्नत रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चांडा के वन्या रेडियो सेन्टर का अवलोकन भी किया।

### स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन कार्यशाला सह समीक्षा

संभागायुक्त श्री सिंह ने शनिवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरवाही में स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं की शत प्रतिशत एएनसी पंजीयन सुनिश्चित करें, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, टीकाकरण, पोषण पुर्नवास पर विशेष ध्यान दें। आंगनवाडी में दर्ज बच्चों की स्थिति व उनके पोषण प्रबंधन के बारे में जानकारी लेकर कहा कि इस संबंध में माह में एक बार कार्यशाला आयोजित की जाए और सीएमएचओ तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की मॉनीटरिंग करें।

इस दौरान एएनसी पंजीयन व टीकाकरण में कम प्रगति लाने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य को दिए। भ्रमण एवं समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक आशीष खरे आदि अधिकारी मौजूद थे।

# शिक्षा में नवाचार बदलते युग की आवश्यकता

**शिक्षा समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी शिक्षा प्रणाली पर निर्भर करती है। आज के विज्ञान और तकनीक के युग में शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। शिक्षा में नवाचार का अर्थ है शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में नए और प्रभावी तरीकों का उपयोग करना।**

### परंपरागत और आधुनिक शिक्षा में अंतर

पहले की शिक्षा प्रणाली में शिक्षक ज्ञान का मुख्य स्रोत होते थे और विद्यार्थी केवल सुनकर और रटकर सीखते थे। लेकिन आधुनिक शिक्षा में विद्यार्थियों को सोचने, समझने और समस्या समाधान करने के लिए प्रेरित किया जाता है। अब शिक्षा केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास का माध्यम बन गई है।




### डिजिटल तकनीक और शिक्षा में परिवर्तन

आज डिजिटल तकनीक ने शिक्षा में बड़ा बदलाव किया है। स्मार्ट क्लास, ऑनलाइन कक्षाएँ, ई-लर्निंग प्लेटफार्म, वर्चुअल लैब और ई-पुस्तकें सीखने को आसान और रोचक बना रही हैं। विद्यार्थी अब कहीं से भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

### गतिविधि आधारित शिक्षण

नवाचार का एक महत्वपूर्ण रूप गतिविधि आधारित शिक्षण है। इसमें विद्यार्थियों को प्रयोग, परियोजना कार्य, समूह चर्चा और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से सिखाया जाता है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का योगदान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा में नवाचार को विशेष महत्व दिया है। इसमें रटने की बजाय समझ आधारित शिक्षा, कौशल विकास, मातृभाषा में शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना है।

### शिक्षक की भूमिका

शिक्षा में नवाचार को सफल बनाने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षक को नई तकनीकों और आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाना चाहिए। एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, सोचने और स्वयं सीखने के लिए प्रेरित करता है।

### चुनौतियाँ भी कम नहीं

शिक्षा में नवाचार के सामने कई चुनौतियाँ भी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी संसाधनों की कमी, शिक्षकों का अपर्याप्त प्रशिक्षण और डिजिटल असमानता प्रमुख समस्याएँ हैं। इन चुनौतियों को दूर करना आवश्यक है।



**राजेंद्र कुमार तिवारी**
**शिक्षक**
**हितकारिणी उमा विद्यालय**
**गोविंदगंज, दमोहनाका, जबलपुर**

# एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा में सफलता का मंत्र

## सिर्फ पढ़ाई नहीं, स्मार्ट रणनीति भी है जरूरी




एमपीपीएससी में प्रारंभिक परीक्षा पास करना निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन असली चुनौती मुख्य परीक्षा होती है। इस परीक्षा में केवल तथ्यों का ज्ञान पर्याप्त नहीं होता, बल्कि अभ्यर्थी की विश्लेषण क्षमता, उत्तर लेखन कौशल, तार्किक सोच, भाषा की स्पष्टता और समय प्रबंधन का भी मूल्यांकन किया जाता है। कई बार समान ज्ञान रखने वाले दो अभ्यर्थियों में बेहतर उत्तर प्रस्तुत करने वाला उम्मीदवार अधिक अंक प्राप्त कर लेता है। इसलिए मुख्य परीक्षा की तैयारी केवल अधिक पढ़ने की नहीं, बल्कि सही दिशा में पढ़ने और प्रभावी ढंग से लिखने की कला विकसित करने की प्रक्रिया है। सही योजना, नियमित अभ्यास और समय प्रबंधन के साथ मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। मुख्य परीक्षा का नवीनतम सिलेबस और परीक्षा पैटर्न बार-बार पढ़ें। प्रत्येक विषय के महत्वपूर्ण टॉपिक चिन्हित करें और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विभाजित करें। बिना सिलेबस को समझे की गई तैयारी अक्सर समय और मेहनत दोनों को प्रभावित करती है। मुख्य परीक्षा में सफलता का सबसे महत्वपूर्ण आधार उत्तर लेखन है। प्रतिदिन निर्धारित समय में 2 से 5 प्रश्न लिखने की आदत विकसित करें। उत्तर की शुरुआत संक्षिप्त परिचय से करें, मुख्य भाग में तथ्य और विश्लेषण प्रस्तुत करें तथा अंत में सकारात्मक और संतुलित निष्कर्ष दें। समय के साथ आपकी गति, भाषा और प्रस्तुति स्वतः बेहतर होने लगेगी।

### करेंट अफेयर्स को पढ़ने के साथ समझें भी

मुख्य परीक्षा में समसामयिक घटनाओं का विशेष महत्व होता है। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय विषयों से जुड़े समाचारों को नियमित पढ़ें। प्रत्येक समाचार को संविधान, शासन, अर्थव्यवस्था, विज्ञान या समाज जैसे विषयों से जोड़कर समझने का प्रयास करें। इससे आपके उत्तर अधिक विश्लेषणात्मक और समकालीन बनेंगे।

### अपने नोट्स स्वयं तैयार करें

तैयारी के दौरान छोटे, स्पष्ट और व्यवस्थित नोट्स बनाएं। महत्वपूर्ण आँकड़े, सरकारी योजनाएँ, समितियाँ, रिपोर्ट, उदाहरण और उद्धरण अलग से लिखें। अंतिम समय में पूरी किताबें पढ़ने की बजाय यही नोट्स सबसे अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं।

### समय प्रबंधन और रिवीजन पर ध्यान

अक्सर अभ्यर्थी कुछ प्रश्नों पर अधिक समय खर्च कर देते हैं, जिससे बाद के प्रश्न अधूरे रह जाते हैं। परीक्षा में सभी प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें। नई जानकारी पढ़ने के साथ-साथ पुरानी पढ़ाई को दोहराना भी उतना ही आवश्यक है। दैनिक, साप्ताहिक और मासिक रिवीजन की योजना बनाएं।

### गत वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहराई से विश्लेषण

पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र यह बताते हैं कि आयोग किन विषयों पर अधिक ध्यान देता है। प्रश्नों की भाषा, विषयों की पुनरावृत्ति और उत्तरों की अपेक्षित शैली को समझने से आपकी तैयारी अधिक सटीक और परीक्षा-केंद्रित हो जाती है।

### मॉक टेस्ट से वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव लें

सप्ताह में कम से कम एक या दो मॉक टेस्ट अवश्य दें। निर्धारित समय में पूरा प्रश्नपत्र हल करने का अभ्यास करें। प्रत्येक टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करें और उन्हें सुधारने का प्रयास करें। यही प्रक्रिया आत्मविश्वास बढ़ाती है।

### उत्तरों की प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाएं

मुख्य परीक्षा में केवल सही उत्तर लिखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे आकर्षक और व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। छोटे पैराग्राफ, बिंदुवार प्रस्तुति, उपशीर्षक, फ्लोचार्ट, तालिका, मानचित्र तथा आवश्यक चित्रों का उपयोग उत्तर को अधिक प्रभावी बनाता है और परीक्षक पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

# सीए बन सकता है आपका सबसे बड़ा करियर विकल्प

कॉमर्स संकाय चुनने वाले अधिकांश विद्यार्थियों का सपना एक सफल और सम्मानजनक करियर बनाना होता है। ऐसे में चार्टर्ड अकाउंटेंट उन चुनिंदा प्रोफेशनों में शामिल है, जो न केवल बेहतरीन आय और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदान करता है, बल्कि देश-विदेश की बड़ी कंपनियों में काम करने के अवसर भी देता है। यदि आप 12वीं के बाद ऐसा करियर चुनना चाहते हैं, जिसमें चुनौती के साथ सफलता, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य हो, तो चार्टर्ड अकाउंटेंसी आपके लिए एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प साबित हो सकती है।

### कौन बन सकता है सीए

12वीं पास करने के बाद किसी भी संकाय (कॉमर्स, साइंस या आर्ट्स) का विद्यार्थी सीए की पढ़ाई शुरू कर सकता है। हालांकि कॉमर्स छात्रों को अकाउंटेंसी और बिजनेस विषयों की जानकारी होने के कारण कुछ अतिरिक्त लाभ मिलता है।




### सीए बनने की पूरी प्रक्रिया

#### सीए फाउंडेशन

यह पहला चरण है। इसमें अकाउंटिंग, बिजनेस लॉ, गणित, सांख्यिकी और अर्थशास्त्र जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। 12वीं के बाद छात्र इसके लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

#### सीए इंटरमीडिएट

फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इंटरमीडिएट स्तर की पढ़ाई होती है। इसमें अकाउंटिंग, टैक्सेशन, कॉर्पोरेट लॉ, ऑडिटिंग, कॉस्ट अकाउंटिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल होते हैं।

#### आर्टिकलशिप (प्रैक्टिकल ट्रेनिंग)

इंटरमीडिएट के बाद छात्रों को अनुभवी सीए के मार्गदर्शन में लगभग दो वर्ष की व्यावहारिक ट्रेनिंग करनी होती है। इस दौरान वास्तविक कंपनियों और संस्थानों के वित्तीय कार्यों का अनुभव मिलता है।

#### सीए फाइनल

यह अंतिम चरण होता है। फाइनल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद छात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट बन जाता है और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकांउटेंट्स ऑफ इंडिया यानि आईसीएआई की सदस्यता प्राप्त करता है।

### सीए बनने में कितना समय लगता है?

यदि छात्र सभी परीक्षाएं पहली बार में पास कर ले, तो सामान्यतः चार से पांच वर्ष में सीए की पढ़ाई पूरी की जा सकती है। किसी चरण में परीक्षा दोबारा देने पर अवधि बढ़ सकती है।

## विक्रमादित्य स्कॉलरशिप योजना

# आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का सहारा




मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विक्रमादित्य छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से ऐसे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है, जो 12वीं के बाद स्नातक स्तर की पढ़ाई करना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई में कठिनाई का सामना करते हैं।

### पात्रता

- आवेदक मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी हो।
- सामान्य वर्ग का छात्र/छात्रा हो।
- 12वीं कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।
- किसी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया हो।
- परिवार की वार्षिक आय एक लाख बीस हजार रूपये से कम हो।

### छात्रवृत्ति का लाभ

योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अधिकतम 2,500 रूपये प्रति वर्ष तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वास्तविक सहायता राशि शासन के प्रचलित नियमों एवं पात्रता के अनुसार निर्धारित होती है।

### आवश्यक दस्तावेज

- 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची
- आधार कार्ड
- समग्र आईडी
- आय प्रमाण पत्र
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- कॉलेज प्रवेश रसीद
- बैंक पासबुक
- पासपोर्ट आकार का फोटो

## दिल्ली हायर जुडिशियल सर्विस परीक्षा 2026

# जिला जज बनने का सुनहरा अवसर

देश में न्यायपालिका में उच्च पद पर सेवा देने का सपना देखने वाले अनुभवी वकीलों के लिए दिल्ली हायर जुडिशल सर्विस द्वारा जिला न्यायाधीश के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यदि आपके पास कानून की डिग्री है, पर्याप्त वकालत का अनुभव है और न्यायिक सेवा में करियर बनाना चाहते हैं, तो दिल्ली हायर जुडिशल सर्विस परीक्षा आपके लिए बेहतरीन अवसर साबित हो सकती है। आइए जानते हैं इस परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी।

***ऑनलाइन आवेदन तिथियां***- ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि एक जुलाई 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 है। आवेदन करने के लिए सभी कैटेगरी के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना जरूरी है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को 2000 रूपये और एससी, एसटी, दिव्यांग कैटेगरी के अभ्यार्थियों को 500 रूपये का भुगतान करना होगा।




### पात्रता

- भारतीय नागरिक होना चाहिए।
- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एलएलबी डिग्री।
- बार काउंसिल ऑफइंडिया के अंतर्गत अधिवक्ता के रूप में नामांकित होना चाहिए।
- आवेदन की अंतिम तिथि तक कम से कम 7 वर्ष का सतत अधिवक्ता के रूप में अनुभव आवश्यक होता है।
- आयु सीमा आमतौर पर न्यूनतम 35 वर्ष, अधिकतम आयु 45 वर्ष है। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट मिलती है। अंतिम आयु सीमा आधिकारिक अधिसूचना में दी जाती है।

### कैसे होगा चयन

उम्मीदवारों का चयन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में उम्मीदवारों से 150 अंकों के 150 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक का नकारात्मक अंकन भी किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। इस परीक्षा में चयनित किए गए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

### परीक्षा का पाठ्यक्रम

परीक्षा में संविधान, सिविल प्रक्रिया संहिता भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, अनुबंध अधिनियम, वाणिज्यिक कानून, संपत्ति कानून तथा अन्य महत्वपूर्ण दीवानी एवं आपराधिक कानूनों से प्रश्न पूछे जाते हैं। मुख्य परीक्षा में उत्तर लेखन क्षमता और कानूनी विश्लेषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है।




## एक गलती पड़ सकती है भारी!

# नीट पीजी का फॉर्म भरने से पहले जरूर पढ़ें एनबीईएमएस की नई एडवाइजरी

नीट पीजी के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थी 21 जूलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। एनबीईएमएस ने सभी उम्मीदवारों से कहा है कि वे आवेदन करने से पहले नीट पीजी 2026 का सूचना बुलेटिन ध्यान से पढ़ें। इससे आवेदन के दौरान होने वाली गलतियों से बचा जा सकेगा। आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी नीचे जान सकते हैं कि इस बार क्या मुख्य बदलाव किए गए हैं।

***इस आधार पर नहीं मिलेगा एग्जाम सेंटर***- बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इस बार परीक्षा राज्य, परीक्षा शहर या परीक्षा केंद्र का आवंटन फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर नहीं होगा। यानी जल्दी आवेदन करने से किसी पसंदीदा परीक्षा केंद्र या शहर का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन करते समय उम्मीदवारों को तीन परीक्षा राज्यों का विकल्प देना होगा। पहला विकल्प वही राज्य होना चाहिए, जिसे उम्मीदवार ने पत्राचार पता के रूप में दर्ज किया है। बाकी दो विकल्प पड़ोसी राज्यों के होने चाहिए। पत्राचार का पता वैध दस्तावेज से प्रमाणित होना चाहिए। आवेदन जमा करने के बाद न तो पत्राचार का पता बदला जा सकेगा और न ही परीक्षा राज्य की प्राथमिकताएं। यह बदलाव एडिट विंडो के दौरान भी संभव नहीं होगा। उम्मीदवारों की प्राथमिकताओं के अनुसार परीक्षा केंद्र देने की कोशिश की जाएगी, लेकिन प्रशासनिक, सुरक्षा, तकनीकी या अन्य आवश्यक कारणों से परीक्षा केंद्र देश में कहीं भी आवंटित किया जा सकता है।

***फोटो और दस्तावेज अपलोड करते समय रखें ध्यान***- उम्मीदवारों को आवेदन के साथ तीन महीने ही पुरानी फोटो, हस्ताक्षर और अन्य जरूरी दस्तावेज निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपलोड करने होंगे। यदि फोटो या अन्य तस्वीरें धुंधली, एडिट की हुई, मॉर्फ की गई या निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गईं, तो आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है या एडमिट कार्ड जारी नहीं होगा।

***फार्म सबमिट करने के बाद बदलाव की अनुमति नहीं***- एनबीईएमएस ने स्पष्ट किया है कि आवेदन अंतिम रूप से जमा होने के बाद कैटेगरी, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर ईमेल आईडी में बदलाव संभव नहीं हो पाएगा।

स्वतंत्र मत
जबलपुर

रविवार 5 जुलाई 2026



# जमींदोज होने की कगार पर लालपुर पंचायत भवन

## सरपंच बोलीं - जान का खतरा, अब किराए के भवन में चलेगी पंचायत





बालाघाट (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत बिरसा अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर का लगभग 32 वर्ष पुराना पंचायत भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं, छत का प्लास्टर लगातार झड़ रहा है और बरसात के मौसम में छत से पानी भी टपकता है। हालात ऐसे हैं कि पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने भवन में बैठकर काम करना तक असुरक्षित मान लिया है। जनहानि की आशंका को देखते हुए अब पंचायत कार्यालय को किराए के भवन में संचालित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

जानकारी अनुसार, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती काशीबाई मरकाम, सचिव रुपेश पटले एवं रोजगार सहायक भुवनेश्वर दुबे ने बताया कि पंचायत भवन का निर्माण वर्ष 1994 में हुआ था। तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के कारण भवन पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। कई स्थानों पर दीवारों में चौड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं, जबकि छत का प्लास्टर बड़े हिस्सों में टूटकर गिर चुका है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि छत से पानी लगातार टपकता रहता है।

### बैठक के दौरान गिरा प्लास्टर, टला बड़ा हादसा

सरपंच श्रीमती काशीबाई मरकाम ने बताया कि कुछ दिन पहले पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान अचानक छत का भारी प्लास्टर टूटकर नीचे गिर गया। सौभाग्य से प्लास्टर कुर्सी पर गिरा और उस समय वहां कोई व्यक्ति नहीं बैठा था। यदि प्लास्टर किसी ग्रामीण, जनप्रतिनिधि या कर्मचारी के ऊपर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद पंचायत कर्मचारियों ने भवन के भीतर बैठकर कार्य करने से परहेज शुरू कर दिया।

### वर्षों से लगा रहे गुहार, नहीं मिली स्वीकृति

पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए कई बार जनपद पंचायत बिरसा, जिला पंचायत बालाघाट, कलेक्टर कार्यालय तथा क्षेत्रीय विधायक को लिखित आवेदन और ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक भवन निर्माण के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं हुई और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल की गई। पंचायत का आरोप है कि लगातार मांग के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। जर्जर भवन का असर पंचायत के दैनिक कार्यों और शासन की योजनाओं पर भी पड़ रहा है। पंचायत कर्मियों के अनुसार ग्रामीण भवन की खराब स्थिति के कारण अंदर बैठने से डरते हैं। अधिकांश लोग बाहर खड़े होकर ही अपनी समस्याएं बताते हैं। बरसात के दिनों में छत टपकने से पंचायत के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी भीगने का खतरा बना रहता है। इससे शासकीय रिकॉर्ड सुरक्षित रखना भी बड़ी चुनौती बन गया है। सरपंच श्रीमती काशीबाई मरकाम ने बताया कि वर्तमान भवन में कार्य करना कर्मचारियों और ग्रामीणों की जान जोखिम में डालने जैसा है। इसलिए बारिश के मौसम को देखते हुए गांव में सुरक्षित किराए के भवन की तलाश की जा रही है। जैसे ही उपयुक्त स्थान मिलेगा, पंचायत कार्यालय का संचालन वहीं से किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षित वातावरण में शासकीय कार्य संचालित किए जा सकें।

ग्राम पंचायत लालपुर के जर्जर भवन की स्थिति प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। यदि समय रहते नए भवन का निर्माण नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सुरक्षित एवं आधुनिक पंचायत भवन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### इनका कहना हैं

पंचायत भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। दीवारों में दरारें हैं और छत का प्लास्टर लगातार झड़ रहा है। ऐसे भवन में पंचायत कार्यालय संचालित करना किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकता है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र नवीन पंचायत भवन की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

**रुपेश पटले, सचिव**
**ग्राम पंचायत लालपुर**

नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। जैसे ही राशि स्वीकृत होगी, भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल पंचायत कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर पंचायत कार्यालय संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

**अभिषेक सराफ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत बालाघाट**

# धोबीटोला माल के स्कूलों की छतों से टपक रहा बारिश का पानी



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** तहसील मुख्यालय कटंगी के अंतिम गांव लिंगापौनार से लगे विकासखंड कुरई के ग्राम धोबीटोला माल में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला की जर्जर इमारतें बारिश में बच्चों के लिए खतरा बन गई हैं। एक दशक पहले बनी इन स्कूलों की छतों से बारिश का पानी रिस रहा है और प्लास्टर गिर रहा है, जिससे अध्ययन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इन दोनों स्कूलों में कुल 63 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि जैसे ही बारिश शुरू होती है, कक्षाओं की छतों से पानी टपकने लगता है। नमी और रिसाव के कारण छत का प्लास्टर भी गिर रहा है। बच्चों ने बताया कि क्लास के दौरान अचानक प्लास्टर गिरने से उन्हें डर लगा रहता है। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल भवन करीब 10 साल पहले बनाया गया था, लेकिन निर्माण गुणवत्ता अच्छी नहीं थी। अब हर बरसात में यही स्थिति रहती है। हम अपने बच्चों को पढ़ने भेजते हैं तो डर लगा रहता है कि कहीं छत का हिस्सा गिर न जाए। अधिकारी कई बार शिकायत के बाद भी अब तक कोई मरम्मत नहीं कराई गई। विद्यार्थियों के साथ यहा शिक्षकों के सिर भी खतरा मंडरा रहा है। शिक्षकों के अनुसार बारिश के दिनों में कई बार क्लास को बीच में रोकना पड़ता है। जहां से पानी टपकता है वहां से हटाकर बच्चों को बैठाना पड़ता है। कई बार पूरी क्लास को दूसरे कमरे में शिफ्ट करना पड़ता है। लगातार नमी के कारण किताबें, कॉपियां और जरूरी दस्तावेज भी खराब हो रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धोबीटोला माल कुरई विकासखंड का अंतिम गांव है, इसलिए यहां मूलभूत सुविधाओं की हमेशा अनदेखी होती है।

# बीए भोपाल एकेडमी में आयोजित हुआ समारोह विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)




बीए भोपाल एकेडमी में शुक्रवार को एसएससी एवं रेलवे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए मैथ्स एवं रीजनिंग विषय की पुस्तकों का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। ये पुस्तकें हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों माध्यम के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, ताकि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर और व्यवस्थित तैयारी में सहायता मिल सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जीएसटी के सुपरिंटेंडेंट विपिन अग्रवाल एवं योग आयोग के अध्यक्ष तपेश असाटी रहे। समारोह में बीए भोपाल एकेडमी के डायरेक्टर संदीप सोनगड़े भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने पुस्तकों का विमोचन करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री के साथ निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन आवश्यक है। नई पुस्तकों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरल भाषा में उपयोगी एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है, जिससे वे एसएससी एवं रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी कर सकें। कार्यक्रम के अंत में एकेडमी प्रबंधन ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आयोजन में सहयोग करने वाली टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का विश्वास और सहयोग ही संस्थान की सबसे बड़ी प्रेरणा है।

# भालू का शिकार कर टुकड़ों में काटा कुआं में फेंका शव, रेंजर ने किया बरामद

बालाघाट (स्वतंत्र मत)





जिले के वन परिक्षेत्र खैरलांजी अंतर्गत भंडारबोड़ी सर्किल के ग्राम पिपरटोला में एक वयस्क नर भालू का क्षत-विक्षत शव खेत के कुएं से बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में वन विभाग ने भालू के शिकार की आशंका जताई है। मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, किसान जियालाल धुर्वे शनिवार सुबह अपने खेत पहुंचे। खेत में बने कुएं में किसी मृत जीव के दिखाई देने पर उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी. वासनिक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि कुएं में पड़े अवशेष एक वयस्क नर भालू के हैं, जिसके शरीर के कई टुकड़े कर कुएं में फेंक दिए गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ, डीएफओ एवं सीसीएफ को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए। वन विभाग द्वारा शव बाहर निकालने पर पाया गया कि भालू का सिर धड़ से अलग था, चारों पैर काट दिए गए थे तथा आगे के दोनों पैरों के नाखून भी गायब थे। शव लगभग छह से सात टुकड़ों में मिला, जिससे शिकार के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया और वन्यजीव के शव का अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेंदूपत्ता तुड़वाई की मजदूरी और बोनस राशि देने में वन विभाग कर रहा आनाकानी..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)



अपने प्राण संकट में डालकर जंगली जानवरों के बगल से तेंदू पत्ती तोड़कर लानना, वैशाख के तपती धूप में भूंखे प्यासे एवं अपने नाबोध बच्चों को घर में छोड़कर रात्रि में वन तरफ पत्ती तोड़ने निकल जाना, उसनीद के सांथ भूंखे प्यासे पत्ती बांधकर बिक्री के लिये सीघ्र कोसों दूर फड़ पहुंचना, फड़ में पत्ती लिखाकर रात्रि तक वापस घर पहुंचना, जैसे संकट और ब्यस्तता भरे काम सिर्फ गरीब श्रमिक ही कर सकते हैं, वन विभागीय टीम नहीं, तब भी जरूरत पड़ने पर यदि उनकी मजदूरी न मिले तब ऐसे श्रमिकों पर क्या बीतेगा.? जहां फड़ मुंशी लोगों का कहना है कि हर वर्ष लास्ट मई तक बाउचर डेली सारणी कम्पलीट करवाकर क्षेत्रीय तेंदू पत्ती समित प्रबंधकों को सौंप दिया जाता है, तब भी विभिन्न प्रकार के बहाने बाजी बताकर यह मजदूरी भुक्तान होने में कई महीने का समय क्यों लगा करता है .? मार्च अप्रैल में करवाये गये साक कर्तन का मजदूरी भुगतान भी आज दिनांक तक नहीं हो सका है। नियनतरू गोदाम में रखे तेंदू पत्ती का अच्छे महगे दामों में बिक्री होते ही बोनस राषि का निर्धारण हो जाता है अर्थात जिस समित का पत्ती जितने अच्छे दामों में और जितना जल्द बिक कर उसका ब्यापारियों द्वारा वर्ष के अंदर जितनी जल्द उठाव करवा लिया जाता है उतने ही अच्छे दर पर उस समित का बोनस बनने का नियम है, जो श्रमिकों को दिलवाने का प्रावधान है, जिसके बाद भी विभिन्न बहाने बता कर कई सालों तक उक्त बोनस राषि का वितरण न करवाना वन विभाग पर कई प्रकार के प्रश्न चिंह खड़ा होना जायज है। सूत्रों की माने तो सरमनियां, गोबराताल, बल्हौंड़, मानपुर के सांथ मानपुर क्षेत्र के कई तेंदूपत्ती समितियों की यह स्थिति कई सालों से चल रही है, सरमनिया समित के संग्राहकों को सन् 2022, 24 और 25 के बोनस राषि का वितरण आज दिनांक तक नहीं करवाया गया है, जिससे श्रमिकों में कई प्रकार के समस्या उतपन्न हो रहेहैं द्य इन्हीं वन विभागीय अधिकारियों का किन्हीं कार्णो से यदि एक महीना का वेतन मिलने में देरी हो जाय तो कई प्रकार के ज्ञापन देने जैसे कार्य होने लगते हैं, वहूं गरीबों के मजदूरी भुक्तान न होने पर उक्त विषय में जवाबदार अधिकारियों का ध्यान सालों न जाना भुक्तान करवाने में जानबूझकर विलम्ब करना आदतन सा हो गया है, जिन रुके हुये संग्रहण, साक करतन और बोनस राषियों का सीघ्र भुक्तान करवाये जाने के लिये क्षेत्रीय श्रमिकों ने सरकार से गुहार लगा रही है, जिस से बिना कर्ज लिये उस पैसा का उपयोग कृषिऔर बच्चों के शिक्षा कार्य में लगा सके।

# शिकार के पास बैठे बाघ ने चरवाहे पर किया हमला

उमरिया (स्वतंत्रमत)



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) के मानपुर बफर परिक्षेत्र में बाघ के हमले में एक चरवाहा घायल हो गया। घायल के सिर के पीछे नाखून के निशान मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही बीटीआर की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। घायल का इलाज शहडोल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार मानपुर बफर परिक्षेत्र की खिचकिड़ी बीट के पैली गांव के पास 45 वर्षीय मोती यादव जंगल में अपने मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान पास में शिकार के साथ मौजूद बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में मोती यादव के सिर के पीछे चोट आई और नाखून के निशान बने हैं। हमला करने के बाद बाघ वापस जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों के अनुसार बाघ ने कुछ दूरी पर एक जंगली सूअर का शिकार किया था और उसी के पास बैठा हुआ था। आशंका है कि शिकार की सुरक्षा के दौरान उसने चरवाहे पर हमला किया। घटना के बाद बीटीआर की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है तथा शिकार वाले क्षेत्र के आसपास निगरानी के लिए वन अमले को तैनात किया गया है, क्योंकि बाघ के दोबारा उसी स्थान पर लौटने की संभावना बनी हुई है। घायल मोती यादव को प्राथमिक उपचार के बाद शहडोल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। बीटीआर की टीम भी घायल के साथ मौजूद है और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

# घुलघुली के शासकीय स्कूल में 600 छात्रों का भविष्य खतरे में..!

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घुलघुली के 600 छात्रों का अध्ययन कार्य खतरे में आ गया है जिसकी मुख्य वजह



एसईसीएल कि कंचन ओपन कॉल माइंस के विस्तार परियोजना में ग्राम घुल घुली का शामिल होना है, ओपन कोल माइंस के विस्तार से आधा गांव और स्कूल उसकी जद में आ गया है अब विद्यालय को गिराने का आदेश हो चूका है लेकिन स्कूली छात्र और उनके अभिवावक स्कूल नहीं छोड़ने पर आमादा है जिला प्रशासन ने छात्रों के हितो को ध्यान में रखते हुए नजदीकी हाई स्कूल जरहा एवं नरवार में छात्रों को शिफ्ट करने कि योजना बनाई है लेकिन अभिवावक नये स्कूल भवन कि मांग पर अड़े हैँ। बता दें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घुलघुली उमरिया जिले का दूरस्थ अंचल का गाँव हैँ यहाँ तकरीबन 20 गाँवो के 600 छात्र अध्ययन करते हैँ,एस ई सी एल प्रबंधन ने वर्ष 2024 में स्कूल का मुआवजा राशि स्कूल शिक्षा विभाग के खाते में जमा कर दी थी लेकिन विभाग ने विद्यालय के नये भवन का निर्माण नहीं कराया जिससे छात्रों को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# वित्त प्रभार, स्टॉफ की कमी और गुणवत्ताविहीन बने भवन से मानपुर कॉलेज की स्थिति हुई दयनीय..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)



क्षेत्रवासियों की मांग और मानपुर विधायक के सघन पहल से भाजपा सरकार के कार्यकाल में मानपुर को एक डिगरी कॉलेज की सौगात मिली थी, जो सत्र 2013 - 14 में संचालित हुआ था और कालेज भवन का हैंडओभर सन् 2020 में हुआ था। करोड़ों के लागत से बने निर्मित हैंडओभर के समय में ही इस भवन के दीवाल और फर्स में कई जगह बड़े दरार होने की चर्चा चल रही थी, जिसका मरम्त भवन निर्माण एजेंशी पीआईयू विभाग द्वारा आज दिनांक तक नहीं करवाया गया है, वर्तमान में इस भवन की दसा जरजर होने के रप्तार में है यहां के मुख्य गेट, कई दरवाजा, खिड़की टूट चुके हैं, दीवाल कई जगह बुरी तरह से फट चुके हैं, यहां के बाउंड्रीवाल का पूर्ण निर्माण आज दिनांक तक नहीं हुआ है, इस भवन के पूरे मैदान का समतली करण आज दिनांक तक नहीं करवाया गया है, जहां विषधर विसाल जंतुओं का ठिकाना बन चुका है, यहां के मेन गेट टूटे होने से सदा बंद रहते हैं जिससे यहां आने जाने में बड़ी कठिनाइ हुआ करती है, यहां के कई विद्युत पोल टूटे हुये हैं जिनके तार जमीन में फैली रहती है जिससे जमीन में करेंट फैलने और जानलेवा हादसा होने का भय बना रहता है। बजट प्रभार और स्टॉप के कमी से यहां के रखरखाव और सफाई का पूर्ण अभाव रहता है, यहां कोई स्थाई भृत्य और चौंकीदार की नियुक्ति न होने से सफाई कार्य नहीं हुआ करता है, इस भवन के अंदर डेस्ट और खरपत वार का डेरा बना रहता है एवं भवन के बाहर मैदान में लघु वन जैसे एलंटाना और कंटीले खरपतवार छाये हुये हैं जहां विसधर जंतुओं का निवास जगह हो शक्ता है, यहां मधुमक्खी और बर्रा के कई विसाल छत्ते लगे हुये हैं, ज्नके द्वारा यहां के छात्र और लेच्चरर के ऊपर कभी भी जान लेवा हमला होने का भय बना रहता है। कॉलेज के बच्चों का कहना है कि यहां सिंगल पर्मानेंट प्रोफेसर और एक प्रभारी प्राचार्य पदस्थ हैं शेष सभी गेस्ट रूप में कार्यरत रहते हैं, यहां स्टॉप के कमी से कई पीरियट न लगने और अच्छी पढ़ाई न होने से हम लोग और क्षेत्रीय छात्रों के पढ़ाई का स्तर बड़े तेजी से ढल रहा है, इस शिर्फ नाम के लिये संचालित कॉलेज का वित्त प्रभार उमरिया में है, यहां यदि पोताई, सफाई, मेंटेनेंस के नाम से यदि दस रुपये भी खर्च करना पड़े तो पहले जिला मुख्यालय उमरिया के कालेज से परमीशन लेना पड़ता है, वह परमीशन क्तने दिन में कब मिलेगा तब यहां के चौपट ब्यवस्था में सुधार कब होगा .?

# खाद विक्रेता एमआरपी दर पर ही बेचें खाद, अन्यथा होगी कानूनी कार्रवाई

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि म0प्र0 शासन द्वारा निर्देश जारी किए गये है तथा जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त निजी एवं सहकारी क्षेत्र के उर्वरक (खाद) विक्रेताओं को सभी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से सचेत किया गया है कि वे उर्वरक की बोरियों पर दर्ज अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही खाद का विक्रय सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित दर से एक भी रुपया अधिक वसूल नहीं किया जा सकता। सभी प्रकार के उर्वरक (यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी आदि) केवल बोरी पर छपे निर्धारित रेट पर ही बेचे जाएंगे। प्रत्येक किसान को खाद का विक्रय अनिवार्य रूप से पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाए और उन्हें पक्की रसीद (कैश मेमो) दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी विक्रेता किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचते हुए पाया जाता है, या खाद की कालाबाजारी जमाखोरी में लिप्त मिलता है, तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, की धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें दुकान का लाइसेंस निलंबन निरस्तीकरण और एफआईआर दर्ज कराना शामिल है। विभाग के मैदानी अधिकारियों एवं निरीक्षण दलों द्वारा जिले की सभी खाद दुकानों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि अधिक मूल्य की मांग किए जाने पर किसान विकासखंड या जिला स्तर पर कृषि विभाग के कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
रविवार 5 जुलाई 2026



## आपदा से निपटने रखें तैयारियां

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने गोलमेज कक्ष में आपदा प्रबंधन विषयक बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में आपदा से निपटने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में सभी संबंधित विभागों की टीम अलर्ट मोड पर रहें। पिछले वर्षों में बाढ़ एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की विशेष तैयारी रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने बोट, मड पंप एवं अन्य आवश्यक सामग्री तैयार रखने को कहा। जेसीबी तथा क्रेन ऑपरेटरों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए जिससे आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संभव हो सके सर्पदंश की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम का स्टॉक रखने के निर्देश दिए।

## समस्या पर सरकार दे जवाब

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में चरणबद्ध जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। यह आंदोलन प्रदेश के युवाओं किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा भ्रष्टाचार एवं सत्ता के दुरुपयोग के विरुद्ध लोकतांत्रिक संघर्ष का अभियान है। मध्यप्रदेश में लाखों युवाओं का भविष्य लगातार संकट में डाला जा रहा है। नीट एवं सीबीएसई परीक्षा से जुड़े विवादों तथा विद्यार्थियों की शिकायतों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। प्रभावित विद्यार्थियों ने न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें समय पर राहत नहीं मिली मध्यप्रदेश कांग्रेस लगातार छात्रों के साथ खड़ी रही है।

## आपात हेल्पलाइन नंबर जारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर के निर्देशा नुसार वर्षाकाल के दौरान आमजन की सुविधा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है वर्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य समस्या की सूचना नागरिक जिला नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 07642-251079 पर दे सकते हैं। सूचना प्राप्त होने पर संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त आपदा की स्थिति में एसएलआर हीरालाल तिवारी मो.नं.9329330098, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े मो.नं. 9425345105, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंड होमगार्ड नरेश साहू मो.नं. 9977200696, सहायक ग्रेड-3 राहत शाखा देवीसिंह तेकाम मो.नं. 7723918059 से भी संपर्क किया जा सकता है।

## विधिक जागरूकता शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन में एडीआर सेंटर जिला न्यायालय में हर बच्चा स्कूल में एवं नशे को कहें ना अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमल जोशी ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार है। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रावधानों की जानकारी देते हुए समाज से विद्यालय से बाहर बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करने का आह्वान किया।

# चोर उचक्के बदमाशों को नहीं रहा पुलिस का खौफ

## सरेआम कर रहे वाहन चोरी, कहीं नशा तो कहीं बेरोजगारी बनीं कारण

मण्डला(स्वतंत्रमत)

नगर मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हो गए हैं हालात ऐसे बन चुके हैं कि अब आम नागरिकों के साथ-साथ पत्रकार भी वाहन चोरों के निशाने पर हैं। बीते कुछ दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों से कई मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं लेकिन अधिकांश मामलों में अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा जबकि पुलिस की ओर से हर बार जल्द खुलासा करने और अपराधियों तक पहुंचने का दावा किया जाता है। जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। शहरवासियों का कहना है कि वाहन चोरी अब कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं रह गई है बल्कि यह लगातार होने वाला अपराध बन चुका है। बाजार अस्पताल सरकारी कार्यालय रिहायशी इलाके और भीड़भाड़ वाले स्थानों से भी वाहन चोरी हो रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि चोर बिना किसी डर के शहर में सक्रिय हैं। लोगों का आरोप है कि यदि रात्रिकालीन गश्त प्रभावी होती और संदिग्ध लोगों पर नियमित निगरानी रखी जाती तो वाहन चोर इतनी आसानी से वारदातों को अंजाम नहीं दे पाते। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन लोगों की गाड़ियां चोरी हुई हैं उनमें कई मामलों में



अब तक कोई ठोस सफलता सामने नहीं आई है। वाहन मालिक लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें केवल जांच जारी होने का भरोसा दिया जा रहा है। चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने से लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि शुरुआती जांच तेज गति से हो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तत्काल खंगाली जाए और संदिग्धों से पूछताछ की जाए तो चोरी के मामलों का खुलासा संभव है। लेकिन कई मामलों में शुरुआती जांच की रफ्तार ही धीमी दिखाई देती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। पुलिस की गाड़ियां सड़कों पर कम और कागजों में ज्यादा दौड़ती नजर आती हैं। यही वजह है कि अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। चोरों को यह भरोसा हो गया है कि वारदात के बाद उनके पकड़े जाने की संभावना बेहद कम है। इसी का फायदा उठाकर वे लगातार एक के बाद एक वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शहर में चर्चा का विषय यह भी है कि अब पत्रकारों के वाहन भी सुरक्षित नहीं हैं। पत्रकार समाज का वह वर्ग है जो दिन-रात जनता और प्रशासन के बीच सेतु का काम करता है लेकिन जब उनके ही वाहन चोरी होने लगें और उनका भी कोई सुराग न मिले तो आम नागरिकों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इससे यह संदेश भी जाता है कि अपराधियों में पुलिस का भय लगातार कम होता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक समय-समय पर अपराधों पर अंकुश लगाने, रात्रि गश्त



बढ़ाने और चोरी के मामलों का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश देते रहे हैं। बैठकों में अपराध नियंत्रण को लेकर कई रणनीतियां भी बनाई जाती हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब निर्देशों का असर जमीन पर दिखाई ही नहीं दे रहा, तो आखिर जिम्मेदारी तय क्यों नहीं की जा रही यदि लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और उनका खुलासा नहीं हो पा रहा है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय होना चाहिए। लोगों का कहना है कि पुलिस केवल एफआईआर दर्ज कर अपने दायित्व की औपचारिकता पूरी कर लेती है। इसके बाद जांच की गति बेहद धीमी पड़ जाती है। चोरी की वारदात के शुरुआती 24 से 48 घंटे सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं लेकिन यदि उसी दौरान प्रभावी कार्रवाई नहीं होती तो अपराधियों तक पहुंचना और कठिन हो जाता है। यही कारण है कि कई मामलों में चोरी की गई गाड़ियां महीनों तक नहीं मिल पातीं। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। लोग अब बाजार, अस्पताल या सरकारी कार्यालय जाने पर भी अपने वाहन की सुरक्षा को लेकर आशंकित रहते हैं। कई लोग मजबूरी में निजी सुरक्षा उपाय अपनाने लगे हैं, लेकिन यह जिम्मेदारी आखिर नागरिकों की क्यों हो कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर नियंत्रण करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शहरवासियों का यह भी कहना है कि यदि पुलिस चाहे तो वाहन चोरी करने वाले गिरोह तक पहुंचना कोई असंभव कार्य नहीं है। जिले और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय संदिग्ध अपराधियों की सूची, पुराने वाहन चोरों की गतिविधियों पर निगरानी, सीसीटीवी नेटवर्क का प्रभावी उपयोग और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर इन घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। लेकिन इन सभी पहलुओं पर अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं दे रही। लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाएं केवल लोगों को आर्थिक नुकसान ही नहीं पहुंचा रहीं बल्कि पुलिस व्यवस्था पर लोगों के भरोसे को भी कमजोर कर रही हैं। यदि चोरी की घटनाओं का समय पर खुलासा नहीं होगा तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे तथा आम जनता का विश्वास कानून-व्यवस्था से उठने लगेगा। यह स्थिति किसी भी जिले के लिए उचित नहीं कही जा सकती। अब समय आ गया है कि पुलिस केवल आश्वासन देने के बजाय ठोस कार्रवाई कर परिणाम भी दिखाए। चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किया जाए सक्रिय वाहन चोर गिरोहों पर सख्त कार्रवाई हो रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए। साथ ही जिन मामलों में जांच में लापरवाही सामने आए वहां जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। मंडला के नागरिकों की मांग है कि पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता से ले। चोरी हुई दोपहिया वाहनों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और लगातार हो रही घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

# स्थापना पर पौधरोपण कर लिया संकल्प

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मप्र जन अभियान परिषद् का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर समाजकार्य विद्यार्थियों ने रानी दुर्गावती महाविद्यालय बड़ी खैरी के प्रांगण पर पौधारोपण कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विकास खण्ड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस एवं स्वैच्छिकता पर्व की हार्दिक शुभकामनाए दी। परामर्शदाता लाला राम चक्रवर्ती ने बताया कि समस्त विकासखंडों में



समाजकार्य स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा हैं इस पाठ्यक्रम के माध्यम से एमएसडब्लू और बीएसडब्लू का कोर्स संचालित हो रहा हैं। विकासखंडों को 5 सेक्टर में बांट कर प्रत्येक सेक्टर में एक-एक नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से ग्राम स्तर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का गठन व कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य टीपी मिश्रा जन अभियान परिषद् सराहना करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद् शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य करती हैं। संतोष कुमार रजक ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई इस दौरान सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री खान समस्त परामर्शदाता आशीष नामदेव, संतोष रजक, रागिनी हरदहा, दीपा श्रीवास, समाजकार्य विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



## प्रतिमा आगमन पर किया स्वागत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** श्री सम्मेद शिखर जी में मुनि प्रमाण सागर महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित पंचकल्याणक महामहोत्सव के दौरान प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी अभय भैया द्वारा प्रतिष्ठित भगवान श्रेयांसनाथ एवं भगवान शांतिनाथ की प्रतिमाओं की आगवानी का सौभाग्य जैन समाज को प्राप्त हुआ इस अवसर पर प्रात: जैन भोजनालय बस स्टैंड से शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा आर्यिका 105 उपशांत मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य तथा बाल ब्रह्मचारी राकेश भैया एवं दीदी के निर्देशन में संपन्न हुई। श्रृद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इसके पश्चात अभिषेक, शांतिधारा, आरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुए कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुण्यार्जक के रूप में बाल ब्रह्मचारी अभय भैया, जयकुमार जैन, अशोक जैन, अमरदीप जैन, हितेश जैन सहित दादी परिवार एवं समस्त जैन समाज की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

# सांप ने काटा, सूझबूझ से बची जान, उपचार जारी

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते खेतों और झाड़ियों में विषैले जीव-जंतुओं का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत पोषक ग्राम बीजेगांव पाठा में खेत में काम कर रही एक 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला को विषैले सांप ने डस लिया। महिला की सूझबूझ और समय पर मिले उपचार से उनकी जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे ग्राम बीजेगांव निवासी समलो बाई कुशराम 66 वर्ष पति बुद्धूलाल कुशराम अपने खेत में कचरा साफ कर रही थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक विषैले सांप ने अचानक उनके पैर पर काट लिया। घटना के समय आसपास कोई मौजूद नही था। ऐसी परिस्थिति में भी महिला ने घबराने



के बजाय साहस का परिचय दिया और हाथ में मौजूद हंसिए से सांप को हटाकर किसी तरह पास स्थित अपने घर पहुंची तथा परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बिना देर किए तत्काल समलो बाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया। वहां चिकित्सको ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू कर एंटी स्नेक वेनम एएसवी इंजेक्शन लगाया। समय पर इलाज मिलने के कारण महिला की हालत अब सामान्य और स्थिर बताई जा रही है तथा उनका उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम में किसानों और ग्रामीणों से विशेष सतर्कता बरतने अपील की है। खेतों झाड़ियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में काम करते समय गमबूट एवं अन्य सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। साथ ही सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या अंधविश्वास में समय न गंवाकर मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने अपील की गई है।

# आकांक्षी योजना पर सीईओ ने ली बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में आकांक्षी विकासखंड नारायणगंज के समग्र विकास को लेकर जिला एवं विकासखंड स्तर के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रासत सिंह मीना ने की। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी विकासखंड के 5 मुख्य थीम एवं 49 पैरामीटर्स के आधार पर बिंदुवार समीक्षा की गई। इनमें स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं



जल संसाधन, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास, आधारभूत संरचना, शामिल हैं। सीईओ श्री मीना ने प्रत्येक विभाग से निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धि, शेष कार्य एवं समय-सीमा की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव, एनीमिया मुक्त भारत, 100 प्रतिशत टीकाकरण, स्कूलों में नामांकन एवं उपस्थिति, कृषि में फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, स्वयं सहायता समूहों से ऋण लिंकेज, पेयजल कनेक्शन, सड़क कनेक्टिविटी आदि पैरामीटर्स पर विशेष चर्चा हुई। सीईओ श्री मीना ने कृषि विभाग के पैरामीटर्स की समीक्षा के दौरान एसएडीओ नारायणगंज की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप संचालक कृषि को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमजोर प्रदर्शन वाले पैरामीटर्स पर संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य कर शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिए। सभी विभागों को डैशबोर्ड पर डेटा एंट्री समय पर अपडेट करने एवं फील्ड लेवल पर सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में आगामी सप्ताह में कमिश्नर जबलपुर के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## डीजल चोर पुलिस की गिरफ्त में

मण्डला/नैनपुर(स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना नैनपुर पुलिस ने ट्रक से डीजल चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। 26 जून को शिकायतकर्ता शेख शरीफ कुरैशी पिता शेख मोहम्मद कुरैशी निवासी उमरानाला थाना मोहखेड़ जिला छिंदवाड़ा द्वारा थाना नैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21 जून की रात्रि वह गेहूं लेकर ट्रक क्रमांक एमएच/40/9586 से नैनपुर आया था तथा निवारी क्षेत्र में ट्रक खड़ा कर विश्राम किया। अगले दिन ट्रक की डीजल टंकी की जांच करने पर उसमें से लगभग 150 लीटर डीजल अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किया जाना पाया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध है। प्रकरण में फरार दूसरे आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 3 जुलाई को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अखिलेश राजपूत पिता गंगा सिंह राजपूत उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा थाना नैनपुर को गिरफ्तार किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चला विशेष अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना कोतवाली में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, थाना महाराजपुर में थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव, थाना मोहगांव में थाना प्रभारी निरीक्षक वेदराम हनोते, थाना बिछिया में सउनि सुरेश विजयवार, थाना घुघरी, थाना टिकरिया, थाना नैनपुर, थाना निवास, थाना खटिया, थाना बम्हनी बंजर, महिला थाना, यातायात थाना तथा चौकी मनेरी, हिरदेनगर, टाटरी, पिंडरई, सलवाह एवं पांडीवारा द्वारा विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौकी हिरदेनगर अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में सूबेदार योगेश राजपूत एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरछठ ठाकुर द्वारा 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को साइबर संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम 6 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 6 जुलाई को भाजपा जिला कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रवादी विचारकशिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। वही कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा इसी क्रम में संगठन के प्रति समर्पण और योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के उद्देश्य से समर्पण निधि सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित होगा जिसमें समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रदेश एवं जिले के अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थित रहेंगे।

# केंद्रीय विद्यालय के स्वागत में कीचड़ की राह

## बदहाल प्रवेश द्वार ने बिगाड़ी तस्वीर व्यवस्था सुधार की दरकार

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

लंबे समय से चली आ रही जन मांग के बाद नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलना क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वर्तमान में इस विद्यालय में लगभग 320 नौनिहाल अध्ययनरत हैं और इसे अस्थायी रूप से नगर के पुराने नवीन माध्यमिक विद्यालय भवन में संचालित किया जा रहा है। मगर बरसात के इस मौसम में विद्यालय



का प्रवेश द्वार बदहाल स्थिति को बयां कर रहा है। मुख्य मार्ग पर कीचड़ और दलदल के कारण विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल पहुंचने के लिए बच्चों को गंदगी और फिसलन भरे रास्ते से गुजरना मजबूरी बन गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही मैदान में भरे पानी और कीचड़ की स्थिति परेशानी को और बढ़ा देती है। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसके अलावा, मुख्य द्वार के सामने ठेले-खोमचे और अस्थायी दुकानों की मौजूदगी भी विद्यालय की गरिमा को प्रभावित कर रही है। यहां खड़े दुपहिया और चौपाया वाहनो का दृश्य न केवल अव्यवस्था को दर्शाता है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए आवागमन में भी बाधा उत्पन्न करता है। केंद्रीय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था से जुड़ी आमजन की भावनाएं काफी गहरी हैं। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस ओर शीघ्र ध्यान देते हुए मूलभूत सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और गरिमापूर्ण शैक्षणिक वातावरण

## घर में बार- बार आ रहे हैं ये जीव... तो समझो

# बदलेगी जिंदगी

हो सकता है आपने देखा हो कि कोई जीव बार-बार आपके घर आ रहा है और आपने सोचा हो कि क्या इसका कोई गहरा मतलब है? कई आध्यात्मिक परंपराओं में इन जानवरों का घर आना महज एक इत्तेफाक नहीं, बल्कि ये आपके साथ जुड़े सूक्ष्म संदेश लेकर आते हैं।

**सांप**-भगवान शिव से गहराई से जुड़ा सांप रूपांतरण, आध्यात्मिक जाग्रति और कुंडलिनी शक्ति के उदय का प्रतीक है। सांप का दिखाई देना अकसर जीवन में होने वाले बड़े बदलावों या पिछले कर्मों से जुड़े पुराने ढर्रों के छूटने का संकेत हो सकता है।



**बिच्छू**-घर में बिच्छू का दिखना या तो बहुत शुभ संकेत माना जाता है या घर में नमी व गंदगी की ओर इशारा करता है। धार्मिक मान्यताओं में यह लक्ष्मीजी के आगमन और धन लाभ का संकेत है।



**नेवला**-घर में नेवला दिखाई देना भारतीय संस्कृति और वास्तुशास्त्र के अनुसार बहुत ही शुभ और भाग्यशाली संकेत माना जाता है। यह भगवान कुबेर से जुड़ा है, इसलिए इसे धन, समृद्धि और सफलता का प्रतीक माना जाता है। नेवले का घर में आना या आसपास दिखना दुर्भाग्य के अंत और आर्थिक स्थिति में सुधार का सूचक है।



**उल्लू**- यदि आपको बार-बार उल्लू दिखाई देते हैं तो यह आने वाले आर्थिक बदलावों का संकेत हो सकता है या यह आपको याद दिला सकता है कि आप जल्दबाजी में लिए गए फैसलों के बजाय सोच-समझकर और बुद्धिमानी से निर्णय लें।



**तोता**-कामदेव से जुड़ा हुआ तोता प्रेम, बातचीत और रिश्तों से जुड़े कर्मों का प्रतिनिधित्व करता है। यह महत्वपूर्ण बातचीत, भावनात्मक स्पष्टता या अतीत से जुड़े रिश्तों के फिर से सामने आने की ओर इशारा कर सकता है।



**कौआ**-कई परंपराओं में कौओं का गहरा संबंध पूर्वजों और पितृ ऊर्जा से माना जाता है। उन्हें बार-बार देखना पूर्वजों के आशीर्वाद, सुरक्षा या यहां तक कि परिवार से जुड़े ऐसे अधूरे कर्मों का संकेत हो सकता है, जिन पर ध्यान देने या जिन्हें ठीक करने की जरूरत है।



**बिल्ली**- सुबह-सुबह बिल्ली का दिखना मेहमान के आने या शुभ समाचार मिलने का संकेत माना जाता है। सफेद बिल्ली को सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जबकि बिल्ली का बच्चों को जन्म देना सफलता और उन्नति का संकेत है।



## जुलाई में आएंगी देवशयनी एकादशी... सावन से लेकर गुप्त नवरात्रि

# योग निद्रा में जाएंगे श्रीहरि... भोलेनाथ बरसाएंगे आशीर्वाद

हिंदू धर्म के लिए जुलाई माह काफी खास हो सकता है, क्योंकि इस माह कई बड़े व्रत-त्योहार पड़ने वाले हैं। पंचांग के अनुसार, जुलाई महीने का आरंभ आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि से हो गया है और समापन श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ होगा। ऐसे में इस महीने देवशयनी एकादशी, गुरु पूर्णिमा, जगन्नाथ रथयात्रा से लेकर योगिनी एकादशी और श्रावण माह शुरू हो रहा है। इस महीने से ही भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा में चले जाएंगे और इसके साथ ही मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। चातुर्मास आरंभ होते ही श्रावण का महीना आरंभ हो जाएगा।

### योगिनी एकादशी

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को योगिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। पंचांग के अनुसार, आषाढ़ कृष्ण एकादशी तिथि का प्रारंभ 10 जुलाई को सुबह 8 बजकर 16 मिनट पर हो रहा है, जो 11 जुलाई शनिवार को प्रात: 5 बजकर 22 मिनट तक है। ऐसे में 11 जुलाई को हरि वासर सुबह में 10 बजकर 32 मिनट पर खत्म हो रहा है। ऐसे में गृहस्थ लोग 10 और 11 जुलाई को वैष्णव संप्रदाय के लोग व्रत रखेंगे।

### आषाढ़ गुप्त नवरात्रि

आषाढ़ मास में पड़ने वाली गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस दौरान दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई (बुधवार) से आरंभ हो रही है, जो 23 जुलाई (गुरुवार) को समाप्त होगी।

### जगन्नाथ रथयात्रा

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को श्री जगन्नाथ रथयात्रा होगी। ओडिशा के पुरी के अलावा देश के अन्य हिस्सों में भी रथयात्रा निकाली जाएगी। इस साल जगन्नाथ रथयात्रा 16 जुलाई 2026 को है।





### देवशयनी एकादशी व्रत

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु भगवान शिव को सृष्टि की बागडोर सौंपकर पूरे 4 माह के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे। इसी के कारण इसे देवशयनी यानी हरिशयनी एकादशी के नाम से जानते हैं। इसके साथ ही अगले 4 माह के लिए मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। इन चार माह को चातुर्मास के नाम से जानते हैं।

### वैदिक पंचांग के अनुसार

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 24 जुलाई, शुक्रवार को सुबह 09.12 बजे से आरंभ हो रही है, जो 25 जुलाई, शनिवार को 11.34 बजे समाप्त हो जाएगी। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से देवशयनी एकादशी 25 जुलाई को होगी और इसी के साथ चातुर्मास भी आरंभ हो जाएगा। इसके साथ ही अगले चार माह यानी आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी से लेकर, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक माह रहेंगे। इसके बाद कार्तिक मास में देवउठनी एकादशी आएगी, जो 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को है।

### 30 जुलाई से शुरू होगा श्रावण मास... इस बार रहेंगे चार सोमवार

भगवान शिव का अतिप्रिय माह श्रावण माह जुलाई माह के अंत से आरंभ होने वाला है। सावन माह 30 जुलाई 2026, गुरुवार से आरंभ हो रहा है और 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को समाप्त होगा। सावन शिवरात्रि 11 अगस्त 2026 को पड़ेगी। इसके अलावा कुल 4 सावन सोमवार पड़ने वाले हैं।

- **पहला** सावन सोमवार 3 अगस्त 2026
- **दूसरा** सावन सोमवार 10 अगस्त 2026
- **तीसरा** सावन सोमवार 17 अगस्त 2026
- **चौथा** सावन सोमवार 24 अगस्त 2026

## आषाढ़ मास में पूजा- पाठ, दान और व्रत का मिलेगा कई गुना फल

आषाढ़ माह का आगमन हो गया है और इसके साथ ही पूजा-पाठ, व्रत और आध्यात्मिक साधना का दौर शुरू हो जाएगा। इस पवित्र महीने में आने वाली देवशयनी एकादशी का धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं, वहीं व्रत, दान, जप, तप और भगवान की भक्ति का विशेष फल प्राप्त होता है।

### पंचांग के मुताबिक

30 जून 2026 से आषाढ़ माह की शुरुआत कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू हो गया है। इसी के साथ आषाढ़ महीने का आरंभ माना जाएगा, वहीं इस माह का समापन 29 जुलाई 2026 को होगा। इसी दिन आषाढ़ पूर्णिमा भी मनाई जाएगी।

### आषाढ़ मास का महत्व?

आषाढ़ माह किसानों के लिए बहुत महत्व रखता है। दरअसल, खरीफ फसलों की बुवाई के लिए यह माह अतिमहत्वपूर्ण है। आषाढ़ माह में भगवान विष्णु के निमित्त भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान और तप करने का विशेष महत्व है। आषाढ़ माह में आत्मशुद्धि, दान-पुण्य करने का उत्तम फल प्राप्त होता है और पूजा-पाठ का फल कई गुना प्राप्त होता है।

### जल-अन्न व वस्त्र का दान करें

आषाढ़ माह को भगवान विष्णु की आराधना और आध्यात्मिक साधना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इसी पावन महीने में देवशयनी एकादशी का पर्व भी आता है, जिससे इसका महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान जल संरक्षण का संकल्प लें और जरूरतमंदों को जल, अन्न व वस्त्र का दान करें। प्रतिदिन तुलसी पूजन कर जल अर्पित करें, साथ ही भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान और तप-पूजा के माध्यम से पुण्य फल प्राप्त करें।

### बैंगन-मसूर दाल खाने से बचें

आषाढ़ माह और चातुर्मास की शुरुआत के साथ ही सनातन परंपरा में कुछ विशेष नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे मांगलिक कार्यों से परहेज किया जाता है। जल का सम्मान करें और उसकी बर्बादी से बचें। बासी भोजन, तली-भुनी और ज्यादा मसालेदार चीजों का सेवन न करें। मांस, मदिरा और तामसिक भोजन से दूरी बनाएं, साथ ही पत्तेदार सब्जियां, बैंगन और मसूर दाल खाने से बचें तथा क्रोध, विवाद और कटुवचन से दूर रहें।

**कालाष्टमी** | **बुधवार 08 जुलाई**

## विधि-विधान से व्रत रखने से कई गुना बढ़ जाता है जप और पूजा-पाठ का फल

# शिव के रौद्र स्वरूप भगवान कालभैरव देंगे भय से मुक्ति...

कालाष्टमी सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है, लेकिन जुलाई 2026 की यह कालाष्टमी बेहद दुर्लभ और फलदायी मानी जा रही है। इसी कारण इसे अधिक कालाष्टमी कहा जा रहा है। इस दिन भगवान शिव के रौद्र स्वरूप भगवान कालभैरव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस मास में किए गए व्रत, जप और पूजा-पाठ का फल कई गुना बढ़ जाता है। आषाढ़ माह में पड़ने वाली कालाष्टमी का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन श्रद्धालु विधि-विधान से व्रत रखकर भगवान कालभैरव की पूजा करते हैं तथा उनकी कृपा प्राप्त करने की कामना करते हैं।

### वैदिक पंचांग के अनुसार

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का आरंभ 7 जुलाई 2026 को रात्रि 10 बजकर 32 मिनट पर होगा, वहीं अष्टमी तिथि का समापन 9 जुलाई 2026 को रात्रि 12 बजकर 10 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार आषाढ़ कालाष्टमी का व्रत 8 जुलाई 2026, बुधवार को रखा जाएगा।

### शुभ मुहूर्त

अष्टमी तिथि प्रारंभ-7 जुलाई, रात्रि 10.32 बजे
अष्टमी तिथि समाप्त-9 जुलाई, रात्रि 12.10 बजे
निशीथ काल पूजा -8 जुलाई की मध्यरात्रि में

भगवान कालभैरव की पूजा रात्रि के समय विशेष रूप से शुभ मानी जाती है, इसलिए अधिकांश श्रद्धालु निशीथ काल में विशेष पूजन और आरती करते हैं।

### विधि-विधान से करें पूजन

आषाढ़ कालाष्टमी के दिन प्रात:काल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद पूजा स्थान को शुद्ध कर भगवान शिव तथा भगवान कालभैरव की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। पूजन के दौरान भगवान को जल, गंगाजल, अक्षत, चंदन, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें। कालभैरव को सरसों का तेल, काले तिल, उड़द, नारियल तथा पुष्प अर्पित करने की भी परंपरा है। इसके बाद कालभैरव अष्टक, भैरव चालीसा या भैरव मंत्रों का श्रद्धापूर्वक जप करें। रात्रि में दीप प्रज्वलित कर भगवान कालभैरव की आरती करें और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करें।



### क्या अर्पित किया जाता है?

कालभैरव की पूजा में सरसों का तेल, काले तिल, काले वस्त्र, उड़द, नारियल, धतूरा, बिल्वपत्र, पुष्प, धूप और दीप अर्पित किए जाते हैं। कई स्थानों पर भक्त भगवान को मीठा भोग भी लगाते हैं। पूजा के अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाता है।

### भोजन-दान देना पुण्यदायी

कालाष्टमी के दिन कुत्तों को भोजन कराना एक महत्वपूर्ण परंपरा है। मान्यता है कि कुत्ता भगवान कालभैरव का वाहन है, इसलिए उसे भोजन कराने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं, साथ ही इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन और दान देना भी अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

**ज्योतिष शास्त्र के अनुसार** कालाष्टमी का व्रत शनि, राहू और केतु के अशुभ प्रभावों को कम करने में सहायक होता है। जो लोग ग्रह दोषों या मानसिक तनाव से परेशान होते हैं, जो लोग ग्रह दोषों या मानसिक तनाव से परेशान होते हैं, उनके लिए यह व्रत विशेष लाभकारी माना गया है, इसलिए नियमित रूप से कालभैरव की पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और सुरक्षा का अनुभव होता है।

# शुक्र का सिंह राशि में गोचर: जानें 12 राशियों पर क्या होगा असर, करें ये आसान उपाय

4 जुलाई 2026 की शाम को शुक्र ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करेंगे और 1 अगस्त 2026 तक इसी राशि में रहेंगे। इस दौरान शुक्र पर राहु, केतु और मंगल का प्रभाव रहेगा। सभी 12 राशियों पर इसका संक्षिप्त प्रभाव और उपाय नीचे दिए गए हैं।

**1. मेष राशि प्रभाव:** प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव संभव है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, लेकिन दांपत्य जीवन और संतान के मामलों में सावधानी बरतें। विद्यार्थियों को मनोरंजन छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान देना होगा।

**उपाय:** माँ दुर्गा को खीर का भोग लगाएं।

**2. वृषभ राशि प्रभाव:** घर-गृहस्थी का सुख मिलेगा और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जन्म स्थान से दूर रहने वालों के लिए समय बेहतर है। वाहन सावधानी से चलाएं और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**उपाय:** माता या माता समान स्त्रियों की सेवा करें।

**3. मिथुन राशि प्रभाव:** आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी और नए मित्र बनेंगे। भाई-बहनों और पड़ोसियों से संबंध सुधरेंगे। ध्यान रखें कि अति-आत्मविश्वास (ओवरकॉन्फिडेंस) के कारण काम न बिगड़ें।

**उपाय:** बहते हुए शुद्ध जल में साबुत चावल प्रवाहित करें।

**4. कर्क राशि प्रभाव:** यह गोचर आर्थिक स्थिति और पारिवारिक माहौल को बेहतर करेगा। वस्त्र, आभूषण या लग्जरी सामानों की खरीदारी हो सकती है। कला और संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**उपाय:** माँ दुर्गा को देसी गाय के घी से बनी मिठाई अर्पित करें।

**5. सिंह राशि प्रभाव:** वरिष्ठ अधिकारियों से संबंध सुधरेंगे और व्यापारिक यात्राएं लाभ देंगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन अनुकूल रहेगा। राहु-केतु के प्रभाव के कारण कार्यक्षेत्र में अपनी मर्यादा का विशेष ध्यान रखें।

**उपाय:** काली गाय की सेवा करें।

**6. कन्या राशि प्रभाव:** सुख-सुविधाओं और विदेश यात्राओं पर धन खर्च होगा। वाहन चलाते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। गोचर के मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, इसलिए यात्रा के दौरान सतर्क रहें।

**उपाय:** पत्नी या भाभी को श्रृंगार सामग्री भेंट करें।

**7. तुला राशि प्रभाव:** विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ और कार्य-व्यापार में अच्छी सफलता मिलेगी। नौकरी और दैनिक रोजगार में अनुकूलता रहेगी। मित्रों और भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**उपाय:** नियमित रूप से लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें।

**8. वृश्चिक राशि प्रभाव:** कार्यों में कुछ रुकावटें या विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए बड़ा जोखिम न लें। हालांकि, सूझबूझ से काम लेने पर नौकरी में प्रमोशन और व्यापार में सफलता के योग भी बनेंगे।

**उपाय:** भगवान शिव की पूजा-अर्चना करें।

**9. धनु राशि प्रभाव:** भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी बदलने की कोशिश कर रहे लोगों को बेहतर पैकेज के साथ नए अवसर मिलेंगे। धार्मिक या मांगलिक कार्यों में शामिल होने का मौका मिलेगा। यात्रा में चोट आदि से सावधान रहें।

**उपाय:** सुगंधित जल से शिवलिंग का अभिषेक करें।

**10. मकर राशि प्रभाव:** पुरानी शारीरिक या मानसिक परेशानियों से राहत मिलेगी। कड़े परिश्रम के बाद ही कार्यों में सफलता मिलेगी। बदनामी से बचने के लिए प्रेम संबंधों में पूरी मर्यादा बनाए रखें।

**उपाय:** गाय को दूध और चावल खिलाएं।

**11. कुंभ राशि प्रभाव:** जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद या विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों की पढ़ाई में एकाग्रता की कमी रहेगी। स्वास्थ्य (विशेषकर जननेन्द्रिय जनित रोगों) के प्रति सतर्क रहें और बड़ों की सलाह से काम करें।

**उपाय:** लाल गाय की सेवा करें।

**12. मीन राशि प्रभाव:** विरोधियों की सक्रियता बढ़ सकती है, इसलिए किसी भी तरह के विवाद (विशेषकर किसी महिला से) से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और जल्दबाजी में धन कमाने की योजनाओं (क्विक मनी स्कीम्स) में निवेश न करें।

**उपाय:** माँ दुर्गा को लाल फूलों की माला पहनाएं।

# व्रत से सुख-समृद्धि आती है ... संतान सुख की प्राप्ति होती है

हिंदू धर्म में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है। मासिक जन्माष्टमी हर माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। मासिक कृष्ण जन्माष्टमी के दिन लड्डूगोपाल की साधना या व्रत करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और संतान सुख की प्राप्ति होती है। जिन लोगों को संतान प्राप्ति में दिक्कतें आती हैं, अगर वे इस दिन लड्डूगोपाल की पूजा करें तो उन्हें संतान सुख की प्राप्ति होती है।

### व्रत का महत्व

हिंदू धर्मग्रंथों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर रखे जाने वाले व्रत की अपार महिमा बताई गई है, जिसे विधि-विधान से करने पर व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं जल्द ही पूरी हो जाती हैं। ऐसा माना जाता है कि जन्माष्टमी का व्रत करने से व्यक्ति के जीवन से जुड़ी सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं और उसे जीवन से जुड़ी सभी खुशियां मिलती हैं।

### पौराणिक मान्यता के अनुसार

- यह व्रत व्यक्ति को अकाल मृत्यु और पाप कर्मों से बचाकर मोक्ष प्रदान करता है।
- हिंदू धर्म में जन्माष्टमी के व्रत का बहुत ही विशेष महत्व माना जाता है। जन्माष्टमी का व्रत एक हजार एकादशियों के व्रत के बराबर है।
- इस दिन कृष्णभक्त पूजा-अर्चना के साथ-साथ पूरे दिन व्रत रखते हैं और रात 12 बजे भगवान के जन्म के बाद व्रत समाप्त करते हैं।

### हिंदू पंचांग के अनुसार

जुलाई 2026 में मासिक कृष्ण जन्माष्टमी व्रत 6 जुलाई (सोमवार) और 7 जुलाई (मंगलवार) के दिन पड़ रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मासिक जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है।

### विधि-विधान से करें पूजन

प्रात:काल जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हों और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें। घर के मंदिर की साफ-सफाई करें और बालगोपाल के सिंहासन को फूलों, तोरण तथा मोरपंख से सजाएं। लड्डूगोपाल का शुद्ध जल एवं गंगाजल से अभिषेक करें तथा उनके समक्ष दीपक प्रज्वलित करें। दिनभर फलाहार, निराहार अथवा सात्विक आहार के साथ व्रत का पालन करें। इस दौरान ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप करते रहें। रात्रि के शुभ मुहूर्त में लड्डूगोपाल का पंचामृत से अभिषेक करें। उन्हें नए वस्त्र, मुकुट और बांसुरी अर्पित करें। इसके बाद कान्हा को माखन-मिश्री, धनिया की पंजीरी, तुलसीदल और मौसमी फलों का भोग लगाएं।

**मासिक कृष्ण जन्माष्टमी**



### इस दिन करें ये उपाय

- मासिक जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण का गंगाजल से अभिषेक करें और उन्हें पीला चंदन लगाएं।
- भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद पाने के लिए हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का जाप करें।
- मासिक जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण को लड्डू का भोग लगाएं।
- श्रीकृष्ण की असीम कृपा पाने के लिए मासिक जन्माष्टमी के दिन भगवान के बाल स्वरूप की सेवा करें।
- इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी भेंट करें, साथ ही उनका अभिषेक भी करें।
- दही और शहद से भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक करें और कृष्ण मंत्र का जाप करें।
- मासिक जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कच्चे दूध और गंगाजल से श्रीहरि कृष्ण का अभिषेक करना चाहिए और उनकी संतान की तरह सेवा करना चाहिए।
- मासिक जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण को पीले रंग के फूल और वस्त्र अर्पित करना चाहिए।
- मासिक जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद पाने के लिए गाय को चारा खिलाएं।
- मासिक जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री का भोग लगाना चाहिए और मोरपंख चढ़ाना चाहिए।
- मासिक जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद पाने के लिए प्रभु को तुलसीदल और खीर का भोग लगाना चाहिए।

# गीजा के पिरामिडों के नीचे क्या है? आधुनिक तकनीक ने जमीन के भीतर खोजा रहस्यमयी ढांचा

**नई दिल्ली।** कई पीढ़ियों से गीजा के पिरामिड का लगभग हर संभव दृष्टिकोण से अध्ययन किया गया है। खुदाई ऐतिहासिक दस्तावेजों और आधुनिक सर्वेक्षणों ने मिस्र के इस सबसे प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल के बारे में हमारी जानकारी की कमियों को लगातार भरा है। लेकिन दशकों के काम के बाद भी, रेगिस्तान के नीचे की जमीन में अभी भी कई अनुत्तरित प्रश्न छिपे हैं। नई तकनीक विशेषज्ञों को सतह के ऊपर मौजूद नाजुक अवशेषों को नुकसान पहुंचाए बिना ज़मीन के नीचे देखने की अनुमति दे रही है, जिससे उन स्थानों की जांच करने का एक अलग तरीका मिल रहा है जहां पारंपरिक खुदाई करना मुश्किल रहा है। द आर्कियोलॉजिस्ट ने एक ऐसे ही हालिया सर्वेक्षण का खुलासा किया है जिसने इस पहेली में एक और कड़ी जोड़ दी है। दो उन्नत इमेजिंग तकनीकों को मिलाकर जापानी और मिस्र की एक संयुक्त रिसर्च टीम ने महान पिरामिडों के पास एक असामान्य भूमिगत संरचना की पहचान की है। हालांकि इसका उद्देश्य अभी भी अनिश्चित है, लेकिन इस खोज ने इस बारे में नए सवाल खड़े कर दिए हैं कि दुनिया के इस सबसे प्रसिद्ध प्राचीन स्थल के नीचे अभी भी क्या छिपा हो सकता है। पिछले कुछ दशकों में पुरातत्व विज्ञान में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। केवल खुदाई पर निर्भर रहने के बजाय, कई टीमें अब ऐसे उपकरणों का उपयोग करके विस्तृत भूमिगत नक्शे बनाने से शुरुआत करती हैं जो सतह के नीचे छिपे बदलावों का पता लगाते हैं। इस काम के लिए ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों में से एक है। यह प्रणाली जमीन में विद्युत चुम्बकीय तरंगें भेजती है और दबी हुई वस्तुओं या मिट्टी की परतों में होने वाले बदलावों से टकराकर वापस आने वाले संकेतों को रिकॉर्ड करती है। ये संकेत रेत के एक भी कण को हिलाए बिना दीवारों, नींवों, कक्षों या अन्य संरचनाओं को उजागर कर सकते हैं। यह दृष्टिकोण दुनिया के कई हिस्सों में पहले ही मूल्यवान साबित हो चुका है। इसने स्कैंडिनेविया में दबे हुए वाइकिंग जहाजों की पहचान करने में मदद की है, दक्षिण अमेरिका में घने वर्षावनों के नीचे प्राचीन बस्तियों को उजागर किया है और उन रोमन शहरों के खाके पेश किए हैं जो सदियों पहले खेत के नीचे गायब हो गए थे। लेटेस्ट सर्वेक्षण गीजा पिरामिड परिसर के आसपास के पश्चिमी कब्रिस्तान पर केंद्रित था, जो एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें मिस्र के कुलीन वर्ग और अधिकारियों से



जुड़े कई प्राचीन मकबरे हैं।

ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार और इलेक्ट्रिकल रेजिस्टिविटी टोमोग्राफी दोनों का उपयोग करते हुए शोध दल ने सतह के नीचे एक असामान्य विशेषता का पता लगाया। श्वत्रञ्ज यह मापता है कि भूमिगत सामग्रियों से विद्युत धाराएं कितनी आसानी से गुजरती हैं, जिससे पुरातत्वविदों को प्राकृतिक चट्टानों और संभावित मानव निर्मित संरचनाओं के बीच अंतर करने में मदद मिलती है। दोनों तकनीकों ने मिलकर रेगिस्तान के फर्श के नीचे स्थित एक रु-आकार की संरचना की ओर इशारा किया। इसके करीब उपकरणों ने एक और भूमिगत विसंगति को भी रिकॉर्ड किया, जिसके रूप को केवल रिमोट इमेजिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से पहचाना नहीं जा सका। शोधकर्ताओं का मानना है कि ये दोनों खोजें किसी तरह से एक-दूसरे से जुड़ी हो सकती हैं। हालांकि, इस स्तर पर उपलब्ध डेटा यह पक्के तौर पर पुष्टि नहीं कर सकता कि उस जगह के नीचे वास्तव में क्या है। इस खोज ने जिस कारण से ध्यान आकर्षित किया है, वह है इसका आकार रुप्राकृतिक भूवैज्ञानिक संरचनाएं हमेशा साफ समकोण नहीं बनाती हैं, इसलिए रु-आकार का पैटर्न स्वाभाविक रूप से इस संभावना को बढ़ाता है कि इसे बनाने में मानवीय गतिविधि की भूमिका रही होगी। अध्ययन के अनुसार, एक व्याख्या यह है कि यह संरचना किसी गहरे भूमिगत स्थान की ओर जाने वाले प्रवेश द्वार का प्रतिनिधित्व कर सकती है। वह स्थान कोई कक्ष, मार्ग, दफन संरचना या कुछ और है, यह अभी भी अज्ञात है। कार्य का निर्धारण नहीं कर सकती।

### महान पिरामिडों के बगल में अनदेखा कब्रिस्तान

पश्चिमी कब्रिस्तान को लंबे समय से व्यापक गीज़ा परिसर के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है। जबकि पिरामिड वहां के क्षितिज पर हावी हैं, आसपास के कब्रिस्तानों में उन लोगों के बारे में मूल्यवान साक्ष्य मौजूद हैं जिन्होंने मिस्र के शासकों की सेवा की और पुराने साम्राज्य के दौरान दैनिक जीवन को आकार देने में मदद की। कई मकबरों की खुदाई पहले ही हो चुकी है, फिर भी कब्रिस्तान के बड़े हिस्से केवल आंशिक रूप से खोजे गए हैं। परिदृश्य में प्राकृतिक परिवर्तन, पहले के निर्माण कार्य और सदियों से जमा रेत ने सतह के नीचे सब कुछ समझने के प्रयासों को जटिल बना दिया है।

# हमने ईरान को एक हफ्ते की छुट्टी दी खामेनेई के अंतिम संस्कार पर ट्रंप का तंज



वाशिंगटन

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार कार्यक्रम चल रहा है। इस बीच अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर माउंट रशमोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर तीखा तंज कसा है। ट्रंप ईरान में चल रहे अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोहों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान को एक सप्ताह की छुट्टी दी है क्योंकि हम अच्छे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान को बुरी तरह से हराया और वह देश समझौता करने के लिए बेताब था। हमने उन्हें एक अंतिम संस्कार के लिए एक सप्ताह की छुट्टी दी क्योंकि हम अच्छे हैं। ट्रंप का यह बयान तेहरान के ग्रैंड मोसाला में खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्मों के शुरू होने के बाद आया है। शनिवार की सुबह, काले कपड़े पहने शोक संतप्त लोग वाहनों से खाली तेहरान की सड़कों से होते हुए ग्रैंड मोसाला पहुंचने। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामनेई के अंतिम संस्कार में भारत समेत दुनियाभर के लोग पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में रखा गया 14 महीने की पोती का छोटा सा ताबूत, भावुक हुए लोग



**तेहरान।** ईरान के तेहरान में शुक्रवार को पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए हजारों ईरानी जमा हुए। खामेनेई के ताबूत को इस्लामिक रिपब्लिक के झंडे में लपेटकर और उस पर उनकी काली पगड़ी रखकर परिसर में लाया गया। उनके साथ उनके मृत रिश्तेदारों के शव भी रखे गए थे, जिनमें उनकी 14 महीने की पोती का छोटा ताबूत भी शामिल था। खामेनेई की पोती जहरा मोहम्मदी गोलपायेगानी 28 फरवरी को उनके और परिवार के कुछ दूसरे सदस्यों के साथ मारी गई थी, जब अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ जंग शुरू की थी। इस छोटी बच्ची के छोटे से ताबूत को भी देश के झंडे में लपेटकर फ्रेम की गई फोटो के साथ रखा गया। ईरान और इराक के कई शहरों में उनके अंतिम संस्कार से जुड़े सार्वजनिक कार्यक्रम छह दिनों तक चलेंगे। उनके पार्थिव शरीर को ईरान और पड़ोसी देश इराक के कई शहरों में ले जाया जाएगा। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, शोक मनाने वाले लोग लाल बैनर लिए हुए थे जो बदले की मांग का प्रतीक है और वे अमेरिका मुर्दाबाद और बदला-बदला के नारे लगा रहे थे। शुक्रवार को ईरान के बड़े अधिकारियों ने दुख जताया। संसद के स्पीकर और अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेरी गालिबाफ की आंखों में साफ आंसू देखे गए। श्रद्धांजलि देने वाले ईरान के बड़े अधिकारियों में अहमद वाहिदी भी शामिल थे। खामेनेई का शव सोमवार तक तेहरान में रखा जाएगा। शहर में एक जुलूस निकाला जाएगा। मंगलवार को इसे धार्मिक केंद्र कोम ले जाया जाएगा फिर बुधवार को पड़ोसी देश इराक के पवित्र शहरों में ले जाया जाएगा और अंत में गुरुवार को उत्तर-पूर्वी ईरान में खामेनेई के गृह नगर मशहद में उन्हें दफनाया जाएगा।

## टिहरी में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**टिहरी, (वार्ता)।** उत्तराखंड के कृषि, कृषक कल्याण एवं सैनिक कल्याण मंत्री और टिहरी जिला प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को बौराड़ी नगर पालिका सभागार में आयोजित सेवा, सुशासन एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दे रही है। श्री जोशी ने कहा कि धामी सरकार के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य सेवा, सुशासन एवं समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि धामी सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर एक ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह है, जिसका उदाहरण सिलक्यारा सुरंग हादसे के दौरान देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री स्वयं घटनास्थल पर मौजूद रहकर बचाव अभियान की लगातार निगरानी करते रहे और सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में टिहरी गढ़वाल में विकास कार्यों को नई गति मिली है। निर्धारित लक्ष्य से अधिक 437.59 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त किया गया है ।

**अयोध्या चंदा विवाद पर आरएसएश प्रमुख मोहन भागवत का पहला रिएक्शन**

# राम-राम के क्या हैं मायने?

नई दिल्ली



अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित हेराफेरी को लेकर चल रहे विवाद के बीच, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्र) प्रमुख मोहन भागवत से इस आरोप के बारे में पूछा गया कि कुछ लोग भगवान राम में लोगों की आस्था को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने शनिवार को इस पर संक्षिप्त लेकिन तीखी प्रतिक्रिया दी। जब नागपुर में पत्रकारों ने भागवत से उन दावों पर प्रतिक्रिया मांगी कि भगवान राम में भक्तों की आस्था को कम करने की कोशिशें की जा रही हैं, तो ऋस्र प्रमुख ने बस राम-राम कहा और आगे बढ़ गए। भागवत की यह संक्षिप्त टिप्पणी ऋस्र के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि राम मंदिर के चंदे में कथित हेराफेरी ने राम भक्तों और आम समाज की आस्था को गहरी चोट पहुंचाई है, और मांग की थी कि दोषियों को कड़ी सज़ा दी जाए। शुक्रवार को एक बयान में होसाबले ने कहा कि आरएसएस कथित घटना से बेहद दुखी और क्रोधित है और मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हिंदू विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतें हिंदू धर्म को बदनाम करने के लिए इस घटना का फायदा उठाने का प्रयास कर रही थीं, साथ ही उन्होंने भक्तों से धैर्य और संयम बरतने का आह्वान किया। होसबोले ने कहा कि कथित घटना ने भक्तों की भावनाओं को गहराई से आहत किया है और कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मंदिर के प्रबंधन और संचालन में कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाकर इस मामले को असाधारण मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़ी अनिश्चितता गहन जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ समाप्त होनी चाहिए। इस मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। इनमें भक्तों के चढ़ावे की गिनती करने वाले छह आउटसोर्स कर्मचारी और ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी चंपत राय के करीबी सहयोगी राम शंकर यादव उर्फ़ टिन्नू शामिल हैं। अविनाश शुक्ला उन छह आउटसोर्स कर्मचारियों में से एक थे। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में अपनी समानांतर आपराधिक जांच तेज़ कर दी। पुलिस ने गिरफ़्तार आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की पुलिस कस्टडी में लिया ताकि बरामदगी की जा सके, घटनाक्रम को फिर से समझा जा सके और नई जानकारियों की पुष्टि की जा सके। वहीं, राज्य सरकार की स्ढ्ढञ्ज श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज की जांच करती रही। पुलिस की एक टीम सुबह करीब 9 बजे अयोध्या ज़िला जेल पहुँची और शुक्ला को कस्टडी में लेकर रिज़र्व पुलिस लाइन्स ले गई, जहाँ उससे लगभग दो घंटे तक पूछताछ की गई। एचटी की एक पुरानी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इसके बाद जाँचकर्ता उसे अयोध्या में कई जगहों पर और बाद में उसके गृह ज़िले प्रतापगढ़ ले गए ताकि उसके बयानों की पुष्टि की जा सके।

# संतकबीरनगर में आनंद हत्याकांड में लापरवाही पर दारोगा व दीवान निलंबित

संतकबीरनगर (वार्ता)

उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना बखिरा क्षेत्र में आनंद गौतम की चाकू मारकर हत्या के मामले में लापरवाही बरतने पर दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने हलका दारोगा और मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से संबद्ध किया है। 30 वर्षीय आनंद गौतम की हत्या 18 जून की शाम 7 बजे बभनी चौराहे पर हुई थी। जांच में सामने आया था कि मृतक आनंद के रिश्तेदार की एक लड़की और मुख्य आरोपी नासिर निवासी कुसम्हा माफी के बीच करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 6 जून को आनंद के घर के पास एक शादी में नासिर के पहुंचने पर आनंद और उसके परिजनों ने उसकी पिटाई की थी। इसी विवाद के चलते बदले को लेकर यह घटना हुई थी। घटना के बाद भीड़ आक्रोशित हो गई थी और शव उठाने से इनकार करते हुए उग्र प्रदर्शन किया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एडीजी गोरखपुर जोन,, डीआईजी बस्ती रेंज, डीएम, एसपी, एएसपी और सीओ सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और संतकबीरनगर के साथ-साथ बस्ती और सिद्धार्थनगर से भी पुलिस बल और पीएसी तैनात करनी पड़ी। कोलकी चमरसन गांव, जहां यह घटना हुई, थाने से करीब 15 किलोमीटर दूर है और थाना क्षेत्र के हलका नंबर-02 में आता है।

# असली पापी अपने कर्मों की सजा से नहीं बचेंगे : अखिलेश

लखनऊ, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व पर परोक्ष रुप से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राम मंदिर चढ़ावे का सच सामने आकर रहेगा और असली पापी अपने कर्मों की सज़ा से नहीं बच पाएंगे।श्री यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा, आखिरकार सुरंगजीवियों को बाहर आना ही पड़ा क्योंकि अब अपयश का पानी सुरंग में गले तक भर गया है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, 140 करोड़ देशवासी और दुनिया भर के चंदा-दान देने वाले सनातनी यह जानना चाहते हैं कि हर काम में आगे रहने वाले, इस घोर-गंभीर मसले पर ख़ुद सामने क्यों नहीं आए, अपने से पीछे वाले को आगे क्यों कर दिया। क्या इसमें भी ये सोचकर साज़िश की गई है कि 'महापाप ' के दोष और जनाक्रोश से ख़ुद को बचा लो और दूसरे को फँसाकर उससे सफ़ाई दिलवा दो।



सपा मुखिया ने कहा, जो षड्यंत्रजीवी रहे हैं अब तो वो आपस में भी एक-दूसरे की मुख़बिरी कर रहे हैं। बँटवारे की लड़ाई सारे राज़ खोल देगी।

श्री यादव ने कहा, जो शातिर सेंध लगाकर, बोरी भरकर सुरंग के रास्ते बहुत दूर निकल गये हैं, वो 'असली पापी' याद रखें जहाँ भूमिगत मार्ग ख़त्म होगा, उस अगले छोर पर 'सत्य' उनके पापों की सज़ा देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। इन्हें न अयोध्या क्षमा करेगा, न देश, न वो परम प्रभु, जिसके ख़ज़ाने को इन्होंने बेरहमी, बेदर्दी और बेशर्मी से लूटा है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जुड़े कुछ मुद्दे सार्वजनिक चर्चा का विषय बने हुए हैं। भाजपा या संबंधित पक्ष की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## पवन सिंह के साथ काम करना यादगार अनुभव, सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती: निहारिका रायज़ादा



अभिनेत्री निहारिका रायज़ादा ने भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के साथ सुपरहिट गीत लहंगा से महंगा में काम करने के अपने अनुभव को यादगार बताते हुए कहा है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती, केवल कलाकार का जुनून और समर्पण मायने रखता है।निहारिका ने कहा कि बॉलीवुड और भोजपुरी जैसी अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों का साथ आना भारतीय सिनेमा को और मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि पवन सिंह भोजपुरी सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं और उनके लोकप्रिय गीत लहंगा से महंगा का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि किसी कलाकार को भाषा या किसी एक इंडस्ट्री की सीमाओं में नहीं बांधा जाना चाहिए, क्योंकि अच्छी प्रस्तुति हर जगह सराही जाती है। उनके अनुसार, हर क्षेत्रीय फिल्म उद्योग की अपनी अलग पहचान, संस्कृति और दर्शक होते हैं। बॉलीवुड की पहुंच वैश्विक है, जबकि भोजपुरी सिनेमा का दर्शक वर्ग बेहद वफादार और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। निहारिका ने कहा कि पवन सिंह के साथ काम करते हुए उन्हें भोजपुरी सिनेमा की ऊर्जा, जुनून और दर्शकों के प्रेम को करीब से महसूस करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग भारतीय फिल्म उद्योग की विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच रचनात्मक सेतु का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि लहंगा से महंगा में उन्होंने अपनी अलग स्क्रीन प्रेजेंस और शैली को बरकरार रखते हुए उस रंग और स्वाद का सम्मान किया, जिसने इस गीत को बड़ी सफलता दिलाई। निहारिका ने कहा कि यह उनके लिए केवल एक डांस नंबर नहीं, बल्कि बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्म उद्योग के खूबसूरत मिलन का उत्सव था।

## डैशबोर्ड वार्निंग लाइट्स को कभी नजरअंदाज न करें: कनिका महेश्वरी



अभिनेत्री कनिका महेश्वरी ने वाहन चालकों को कार के डैशबोर्ड पर दिखाई देने वाले वार्निंग साइन को कभी नजरअंदाज नहीं करने की सलाह देते हुए कहा है कि ये संकेत संभावित तकनीकी खराबी की पहले से जानकारी देकर सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।कनिका ने कहा कि चेक इंजन लाइट, बैटरी वार्निंग, ब्रेक वार्निंग, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग, इंजन टेम्परेचर और ऑयल प्रेशर जैसी चेतावनी लाइट्स को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये संकेत मामूली समस्या से लेकर गंभीर तकनीकी खराबी तक का संकेत हो सकते हैं और समय रहते इन पर ध्यान देने से बड़े नुकसान से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि ब्रेक वार्निंग लाइट सीधे वाहन और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी होती है, जबकि गलत टायर प्रेशर वाहन की पकड़, ईंधन की खपत और सड़क सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। इसी तरह इंजन के अधिक गर्म होने या ऑयल प्रेशर कम होने की चेतावनी को नजरअंदाज करने से इंजन को गंभीर क्षति पहुंच सकती है। कनिका ने कहा कि आधुनिक कारों में मौजूद डैशबोर्ड वार्निंग सिस्टम ड्राइवर की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने वाहन मालिकों को कार की मैनुअल बुक पढ़ने और सभी चेतावनी संकेतों का अर्थ समझने की सलाह दी, जिससे वे अधिक जिम्मेदारी और आत्मविश्वास के साथ वाहन चला सकें।

## यश ने की बेबी डू डाई डू की प्रशंसा, हुमा कुरैशी पर जताया गर्व



सुपरस्टार यश ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी की फिल्म बेबी डू डाई डू की सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें हुमा की मेहनत, हिम्मत और समर्पण पर गर्व है।निर्देशक नाचिकेत सामंत के निर्देशन में बनी फिल्म बेबी डू डाई डू सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में हुमा कुरैशी ने बेबी कर्मकार का किरदार निभाया है, जो सुन और बोल नहीं सकती, लेकिन एक बेहद खतरनाक कॉन्ट्रैक्ट किलर है। यश ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि सफलता का आसान रास्ता चुनने के बजाय हुमा ने चुनौतीपूर्ण सफर चुना। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म का निर्माण केवल चमक-दमक नहीं होता, बल्कि इसके पीछे कई रातों की मेहनत, बजट की चुनौतियां, कहानी पर भरोसा और पूरे प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी होती है।उन्होंने कहा कि बेबी डू डाई डू को दर्शकों तक पहुंचाने में हुमा ने सिर्फ अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि निर्माता के रूप में भी शानदार भूमिका निभाई है। यश ने फिल्म की पूरी टीम को रिलीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें हुमा पर बेहद गर्व है। फिल्म में चंकी पांडे ने अंडरवर्ल्ड डॉन पापा और सिकंदर खेर ने रियल एस्टेट माफिया जफर की भूमिका निभाई है।

## वेलकम टू द जंगल ने कॉमेडी की बारीकियां सिखाईं : दिशा पाटनी



बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी का कहना है कि फिल्म वेलकम टू द जंगल में काम करने के दौरान उन्होंने अक्षय कुमार, जॉनी लीवर और अरशद वारसी जैसे अनुभवी कलाकारों को देखकर कॉमेडी की बारीकियां सीखीं।दिशा ने कहा कि लोगों को हंसाना जितना आसान दिखाई देता है, उतना होता नहीं है। कॉमेडी सबसे कठिन शैलियों में से एक है और इसमें सब कुछ सहज तथा स्वाभाविक लगना सबसे बड़ी चुनौती होती है। उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार, जॉनी लीवर और अरशद वारसी को काम करते देखना उनके लिए सीखने जैसा अनुभव रहा। दिशा ने कहा कि इतने बड़े कलाकारों की टीम का हिस्सा बनना उनके लिए यादगार अनुभव रहा। उन्हें कॉमेडी बेहद पसंद है और फिल्म का भव्य पैमाना उन्हें सबसे अधिक आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के तौर पर उनका ध्यान प्रतिस्पर्धा पर नहीं, बल्कि अपने किरदार के साथ ईमानदारी से न्याय करने पर रहता है। अपने अब तक के सफर पर बात करते हुए दिशा ने कहा कि एक अंतर्मुखी स्वभाव की होने के कारण खुद को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना हमेशा आसान नहीं रहा, लेकिन हर चुनौती ने उन्हें और अधिक मजबूत, धैर्यवान तथा हर अवसर के प्रति आभारी बनाया है। दिशा ने कहा कि शांत, सरल और भावनात्मक रूप से जमीन से जुड़े किरदार उनके व्यक्तित्व के सबसे करीब हैं। उन्होंने भविष्य में मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, गहन किरदार-प्रधान ड्रामा और एक्शन ड्रामा जैसी फिल्मों में काम करने की इछा भी जताई है।

# चंदा चोरी और चढ़ावा में लूट से भाजपा का चेहरा बेनकाब

### केंद्र और राज्य सरकार पर कांग्रेस अध्यक्ष के आरोप

नरसिंहपुर।

भारतीय जनता पार्टी धर्म का उपयोग कर सत्ता हासिल करती रही है अब श्रीराम मंदिर में चंदा चोरी और चढ़ावा में लूटने से भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है। क्योंकि मुख्य दोषियों को बचाने के प्रयास हो रहे हैं। राम मंदिर, अयोध्या में चोरी का प्रकरण आस्था के सबसे बड़े केंद्रों में से एक राम मंदिर परिसर में चोरी की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उक्त आरोप जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने जिला कांग्रेस कार्यालय मुश्रान भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में लगाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष




श्रीमती सुनीता पटेल ने देश एवं प्रदेश से जुड़े गंभीर विषयों पर केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों एवं उनके अभिभावकों का विश्वास कमजोर किया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित जमीन घोटाले के आरोपों पर सरकार से पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कृषि प्रधान जिला नरसिंहपुर में आज किसान की मुख्य समस्या मूंग खरीदी समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा नहीं करना है, हम मांग करते हैं कि किसान द्वारा उत्पादित मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी समर्थन मूल्य पर शीघ्रता से सरकार को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में कुछ किसान संगठन मूंग खरीदी को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, इसे कांग्रेस पार्टी का पूरा समर्थन है एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता इस आंदोलन का बड़ा चढ़कर समर्थन कर रहे हैं, इसके अतिरिक्त प्रदेश में किसानों श्रीमती पटेल ने अवैध उत्खनन पर कहा कि हम लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं । उक्त मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रूद्रेश तिवारी, प्रवक्ता अजय दुबे, आशीष गुप्ता , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर मनीष साहू , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण धनीराम पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटेल आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभिन्न ग्रामों में किया पौधरोपण

**नरसिंहपुर** । कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में पौधरोपण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण शनिवार को किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उदय प्रताप सिंह, परियोजना अधिकारी श्री विपिन लाड़ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह, अधिकारियों व नागरिकों ने ग्राम पंचायत धुबघटगौड़ी में विभिन्न प्रजातियों के नींबू, आम, पाकड़, पीपल एवं आँवला सहित करीब 100 पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर ने कंटूर ट्रेंच एवं ग्राम के पारंपरिक तालाब का निरीक्षण कर तालाब का गहरीकरण करने, पडल निर्माण कराने तथा अतिक्रमण हटाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शेड नदी के कटाव को रोकने के लिए आवश्यक प्रबंधन करने और बांस का रोपण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत



खमरिया-जरजोला के खपड़ी गांव स्थित शांतिधाम परिसर में पौधरोपण एवं गैप फिलिंग का कार्य किया गया।

कलेक्टर ने परिसर की बाउंड्रीवाल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन 47 लाख रुपये लागत के सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत खापा के ग्राम मेहका में सीसी सड़क एवं शांतिधाम परिसर में तार फेंसिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम पंचायत करहैया- नर्मदा में नर्मदा समृद्धि परियोजना के अंतर्गत लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्र में स्वीकृत पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया। नर्मदा आश्रय स्थल पर विभिन्न प्रजातियों के करीब 100 पौधे लगाए गए। यहां निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निरीक्षण के दौरान समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बारिश में प्रियदर्शिनी बस स्टैंड की खुली पोल, गंदगी और जलभराव से यात्री बेहाल

### नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से परिसर में फैला कचरा

### छह से अधिक कर्मचारी तैनात होने के बावजूद बदहाल व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के प्रमुख प्रियदर्शिनी बस स्टैंड की व्यवस्थाएं पहली ही बारिश में पूरी तरह बेपटरी नजर आने लगी हैं। समय रहते नालियों और नालों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी कचरे को बहाकर पूरे बस स्टैंड परिसर में ले आया है। जगह-जगह गंदगी, कीचड़ और कचरे के ढेर दिखाई दे रहे हैं,



जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड परिसर में नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं होने के कारण हालात और भी खराब हो गए हैं। कई स्थानों पर लंबे समय से कचरा जमा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के कारण यह कचरा पूरे परिसर में फैल गया है, जिससे बसों तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम द्वारा बस स्टैंड की साफ-सफाई और रखरखाव के लिए छह से अधिक कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके बावजूद मौके पर व्यवस्थाएं नदारद दिखाई देती हैं। यात्रियों का कहना है कि यदि कर्मचारी नियमित रूप से सफाई और निगरानी कर रहे हैं, तो फिर बस स्टैंड की हालत इतनी बदतर क्यों है। रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस बस स्टैंड की बदहाल स्थिति नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित किया जाए और बस स्टैंड परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की प्रभावी निगरानी की जाए, ताकि यात्रियों को गंदगी और जलभराव से राहत मिल सके।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** बम्हनी बंजर के गायत्री मंदिर में खंड शाखा अध्यक्ष एमके राय की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बम्हनी शाखा की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें पेंशनरों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा नव आगंतुक पेंशनर परिवार में शामिल होने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। सदस्यता वृद्धि पर चर्चा की गई तथा आयकर रिटर्न भरने सभी पेंशनरों को जानकारी दी गई बताया गया कि प्रत्येक पेंशनर को आयकर भरना अनिवार्य है चाहे वह पेंशनर दाता हो या ना हो आयकर रिटर्न भरने से समय-समय पर होने वाली टीडीएस की कटौती नहीं होती है गोपाल हरदहा के द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ बैठक का समापन किया गया।

# बरसात में बच्चों की सुरक्षा पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने दिए आवश्यक निर्देश

**नरसिंहपुर।** जिले में वर्षाकाल के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने समस्त संस्था प्रमुखों, प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जर्जर भवन अथवा असुरक्षित कक्षों में न बैठाया जाए और विद्यालय परिसरों में सभी व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त कराई जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुशवाहा ने निर्देशित किया है कि जिन विद्यालयों में भवन या कक्ष जर्जर स्थिति में हैं, वहां तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। यदि कोई कक्ष उपयोग योग्य नहीं है तो उसे तत्काल बंद कर ताला लगाया जाए। वहीं संपूर्ण भवन असुरक्षित पाए जाने की स्थिति में कक्षाओं के संचालन के लिए वैकल्पिक सुरक्षित भवन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्षाकाल में विद्यालय परिसरों में विद्युत सुरक्षा पर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। खुले विद्युत तार, क्षतिग्रस्त स्विच बोर्ड, अव्यवस्थित वायरिंग तथा करंट फैलने की आशंका वाले सभी बिंदुओं को तत्काल दुरुस्त कराने को कहा गया है। साथ ही स्कूल परिसर, खेल मैदान और भवनों के आसपास अनावश्यक झाड़ियों, गंदगी, जलभराव और गड्ढों को तुरंत साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सर्पदंश, कीट-पतंगों और फिसलन जैसी घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। उन्होंने पेयजल एवं मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश दिए हैं।

विद्यालयों में पानी की टंकियों, हैंडपंपों एवं अन्य पेयजल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई, भोजन कक्ष और रसोईघर की स्वच्छता तथा भोजन को ढककर सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बरसात के मौसम में गंदगी, मक्खियों और कीट-पतंगों के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को भी विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यवहार, खान-पान, ऊर्जा स्तर, दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों पर नियमित नजर रखने के निर्देश दिए। यदि किसी बच्चे में अस्वस्थता, कमजोरी या असामान्य व्यवहार दिखाई दे तो तत्काल अभिभावकों से संपर्क कर आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कराना सुनिश्चित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने सभी विद्यालय के प्रमुखों से कहा है कि वे इन निर्देशों का गंभीरता से पालन कर विद्यालयों में सुरक्षित, स्वच्छ और छात्रहितैषी वातावरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा की निरंतरता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत शासकीय एकीकृत बालक हाई स्कूल नारायणगंज कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास नारायणगंज तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मंगलगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित प्राचार्यों को शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों में नामांकन की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक छात्र की अपार आईडी समय-सीमा में तैयार कराने के लिए कहा। उन्होंने राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने तथा दिव्यांग विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए एनएसपी पोर्टल पर पात्र विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### दीक्षारंभ कार्यक्रम सम्पन्न

**मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ एवं मानसिक संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना तथा उनके व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण मंच है।

# मानसून से पहले प्रशासन अलर्ट

### जिले में 88 जर्जर भवन चिन्हित, नोटिस जारी, चेतावनी बोर्ड लगाए गए

**नरसिंहपुर।** वर्षा ऋतु को देखते हुए जिला प्रशासन एवं नगरीय प्रशासन विभाग ने जन सामान्य की सुरक्षा के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिले के सभी नगरीय निकायों में जर्जर एवं खतरनाक भवनों का सर्वेक्षण कर उनका चिन्हांकन किया गया है। सर्वेक्षण में जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में कुल 88 जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं। इनमें 14 शासकीय एवं 74 निजी भवन




शामिल हैं। सभी संबंधित भवन स्वामियों एवं विभागों को नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही नागरिकों को सतर्क करने के लिए प्रत्येक चिन्हित भवन पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं।

**नरसिंहपुर**- 24 जर्जर भवन चिन्हित, जिनमें 5 शासकीय एवं 19 निजी भवन शामिल हैं। सभी भवनों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जा चुके हैं।

**गाडरवारा**- 16 जर्जर भवन, जिनमें 1 शासकीय एवं 15 निजी भवन शामिल हैं।

**करेली**-18 जर्जर भवन चिन्हित, जिनमें 2 शासकीय एवं 16 निजी भवन हैं।

**गोटेगांव**-21 जर्जर भवन पाए गए, सभी निजी स्वामित्व के हैं। यहां कोई शासकीय भवन जर्जर नहीं मिला।

**तेंदुखेड़ा**- 5 जर्जर भवन चिन्हित, जिनमें 4 शासकीय एवं 1 निजी भवन शामिल है।

**चीचली**- 4 जर्जर भवन चिन्हित, जिनमें 2 शासकीय एवं 2 निजी भवन हैं। साईंखेड़ा एवं सालीचौका- कोई भी जर्जर भवन नहीं पाया गया।

**प्रशासन की अपील**- जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे चिन्हित जर्जर भवनों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं तथा सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें। भवन स्वामियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे नोटिस में निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक मरम्मत अथवा अन्य सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि में कार्रवाई नहीं किए जाने पर जनहित एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा जिला चिकित्सालय, नरसिंहपुर को सीएसआर के तहत चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण



गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

एनटीपीसी गाडरवारा ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय, नरसिंहपुर को लगभग ?3.50 करोड़ मूल्य के अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए। इन उपकरणों का लोकार्पण माननीय श्री दर्शन सिंह चौधरी, सांसद (नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र) द्वारा कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।इस पहल के तहत अस्पताल को एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, डिजिटल बी.पी. उपकरण, क्रैश कार्ट, ईसीजी मशीनें, फीटल डॉप्लर, इन्फेंट/रेडिएंट वार्मर, लैप्रोस्कोपी सिस्टम, मल्टीपारा मॉनिटर, ऑपरेटिंग टेबल, पेशेंट स्ट्रेचर तथा सक्शन मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इन आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित आपातकालीन एवं शल्य चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है। यह पहल समाज के प्रति एनटीपीसी गाडरवारा की प्रतिबद्धता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उसके सतत प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।



## मेहमूद पहलवान बने जिला कांग्रेस के सचिव

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन का विस्तार कर सक्रिय एवं निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी जा रही है । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति, जिला प्रभारी आलोक मिश्रा की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल ने गाडरवारा नगर के सक्रिय कांग्रेस नेता मेहमूद पहलवान को जिला कांग्रेस कमेटी में स्थान देते हुए जिला सचिव पद पर मनोनयन किया है । पहलवान के जिला सचिव बनने पर उनके शुभचिंतकों व कांग्रेसजनों ने अपनी बधाई दी है ।

## 79 पांडुलिपियों का संरक्षण कर उन्हें ज्ञानभारतम पोर्टल पर किया गया अपलोड

नरसिंहपुर ।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पुरानी बस्ती नरसिंहपुर में संरक्षित 72 पांडुलिपियों और नरसिंहपुर निवासी श्री हरिश्चंद्र अग्रवाल द्वारा संरक्षित 7 पांडुलिपियों सहित कुल 79 पांडुलिपियों का संरक्षण कर उन्हें ज्ञानभारतम पोर्टल पर सफलतापूर्वक अपलोड कराया गया है।



## साइबर क्राईम पर दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**संशोधित सार्वजनिक उदघोषणा**

रा.मा.क्र. 178 अ-20(1) सन्-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/07/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम/ पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | करेलीगंज | 17 | 1013 वर्गफुट | श्रीमति अनीता शर्मा पत्नि स्व. भगवतीप्रसाद शर्मा सा. करेलीगंज | श्रीमति अनीता शर्मा पत्नि स्व. भगवतीप्रसाद शर्मा सा. करेलीगंज |

इश्तहार आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# नगर निगम कटनी में शीघ्र प्रारंभ होगी ऑनलाइन नामांतरण व्यवस्था

## निगमायुक्त तपस्या परिहार की डिजिटल सुशासन की पहल, राजस्व अमले को दिया गया प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर पालिक निगम कटनी नागरिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल करने जा रहा है। निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा समय सीमा की बैठक में नागरिकों के भवनों एवं निगम स्वामित्व की दुकानों के नामांतरण प्रकरणों की ऑनलाइन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के दिए गए निर्देशों के बाद शुक्रवार को एम.आई.सी. कक्ष में राजस्व शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नामांतरण ऑनलाइन प्रक्रिया का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद नागरिकों को नामांतरण के लिए बार-बार नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।



आवेदन, दस्तावेज अपलोड, एनओसी, प्रकाशन, मौका निरीक्षण, अनुमोदन तथा अंतिम आदेश तक की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन संपन्न होगी, जिससे सेवाएं अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेंगी। शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन पोर्टल के संचालन की की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान आवेदन पंजीयन, आवश्यक दस्तावेज अपलोड, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी), सार्वजनिक सूचना, मौका निरीक्षण रिपोर्ट तथा प्रकरणों के ऑनलाइन परीक्षण की प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की गई। कर्मचारियों की कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र ही द्वितीय चरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### घर बैठे मिलेगा आवेदन का स्टेटस

नई डिजिटल व्यवस्था के तहत आवेदक अपने नामांतरण आवेदन की वर्तमान स्थिति घर बैठे ऑनलाइन देख सकेगा। उसे यह जानकारी भी उपलब्ध होगी कि उसका प्रकरण किस अधिकारी के पास लंबित है तथा उसके निराकरण की प्रक्रिया किस चरण में है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अनावश्यक विलंब पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। ऑनलाइन पोर्टल में प्रत्येक नामांतरण प्रकरण की चरणबद्ध मॉनिटरिंग होगी। यदि कोई प्रकरण निर्धारित समय-सीमा से अधिक समय तक लंबित रहता है तो सिस्टम स्वत: संबंधित अधिकारी को रेड फ्लैग जारी करेगा तथा विलंब का कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा। इससे प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित होगी और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। दस्तावेजों में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर आवेदक को तत्काल एसएमएस एवं पोर्टल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी, जिससे वह समय पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सके। इससे फाइल गुम होने, अनावश्यक आपत्तियों तथा प्रक्रिया में देरी जैसी समस्याओं पर भी प्रभावी रोक लगेगी। निर्धारित समय-सीमा के बाद बिना उचित कारण लंबित पाए जाने वाले प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी निर्धारित की जाएगी।

### सुशासन और राजस्व वृद्धि की दिशा में बड़ा कदम

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। भवन नामांतरण की ऑनलाइन व्यवस्था से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी, हस्तक्षेप कम होगा तथा पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। समय पर नामांतरण शुल्क प्राप्त होने से नगर निगम के राजस्व में वृद्धि होगी, जिसका उपयोग शहर के विकास कार्यों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था ही सुशासन की सशक्त पहचान है और इससे शासन-प्रशासन के प्रति आम नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

फोटो : विकास गुप्ता

# दीनदयाल बस स्टैंड के बाहर पकड़ाया गांजा तस्कर

## 11 किलो मादक पदार्थ बरामद

कटनी (स्वतंत्रमत)।



मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जबलपुर क्राइम ब्रांच एवं माढ़ोताल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 11 किलो 301 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 5 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर जिलेभर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक माढ़ोताल बी.एस. गोठरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध उदयभान बागरी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी माढ़ोताल वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि 3 जुलाई 2026 की रात क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिहोरा निवासी एक युवक दीनदयाल बस स्टैंड के बाहर दो बैग और एक पिट्ठू बैग में अवैध गांजा लेकर खड़ा है।

सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रिंस बर्मन (22 वर्ष) निवासी कंकाली मोहल्ला, वार्ड क्रमांक-3, सिहोरा बताया। बैगों की तलाशी लेने पर उनमें कुल 11 पैकेटों में 11 किलो 301 ग्राम गांजा बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सिहोरा निवासी जय सेलर ने उसे सिवनी में गांजा दिया था और इसे मुकेश साहू, निवासी कटरा मोहल्ला, सिहोरा तक पहुंचाने के लिए कहा था। पुलिस ने आरोपी प्रिंस बर्मन के कब्जे से करीब 5.65 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त कर लिया है। इस मामले में प्रिंस बर्मन, मुकेश साहू और जय सेलर के खिलाफ धारा 8/20 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

फोटो : विकास गुप्ता

# ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल रहे शराब ठेकेदार

## निर्देशों की अवहेलना, कई दुकानों में नहीं लगी रेट लिस्ट

## स्टेशन की शराब दुकान में सबसे ज्यादा अनियमितताएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी रेलवे स्टेशन से चंद कदमों की दूरी पर संचालित एक शराब दुकान पर ग्राहकों से मनमानी वसूली और नियमों की अनदेखी की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कुछ समय से यह शराब दुकान लगातार विवादों में है। यहां दुकानदार और ग्राहकों के बीच विवाद की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। स्थानीय लोगों और उपभोक्ताओं का कहना है कि दुकान पर निर्धारित रेट लिस्ट तक प्रदर्शित नहीं की गई है, जिससे ग्राहकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।

शिकायतों में कहा गया है कि दुकान पर शराब की बोतलें प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं और ग्राहकों से खुलेआम अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता, जिससे नाराजगी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय सूत्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि दुकान का निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी देर रात तक अवैध रूप से शराब की बिक्री जारी रहती है।

शिकायतों में बताया गया है कि दुकानदार पूरी रात ग्राहकों को शराब उपलब्ध कराते हैं, जिससे आबकारी नियमों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि कानून व्यवस्था और राजस्व व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# एलएलबी के विद्यार्थियों ने किया जिला जेल का शैक्षणिक भ्रमण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

चड्ढा ऑटोनॉमस विधि कॉलेज के विधि विभाग द्वारा एलएल.बी. अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए जिला जेल का शैक्षणिक भ्रमण (जेल विजिट) आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को जिला जेल की कार्यप्रणाली, बंदियों के अधिकार, सुधारात्मक व्यवस्थाओं, पुनर्वास कार्यक्रमों तथा कारागार प्रशासन से सम्बंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के



सचिव मृणालिनी सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक अधिकारी हर्षित बिसेन, जिला जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी तथा जेल उप-अधीक्षक अरविंद खरे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें न्याय व्यवस्था, कारागार प्रशासन, कारागार का वर्गीकरण, जेल में बंद कैदियों दिनचर्या, जेल के अंदर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए न्यायालय में कैदियों की उपस्थिति, बंदियों का वर्गीकरण, मियादी बंदी, सिविल बंदी, हवालाती बंदी के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ तथा उन्होंने कारागार व्यवस्था से सम्बंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त कीं।

भ्रमण के दौरान चड्ढा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा, कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज के संचालक डॉ. जय चड्ढा, विधि प्राचार्य डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतिका साहनी आहूजा, सहायक प्राध्यापिका माला उपाध्याय, हेमलता पटेल तथा सहायक प्राध्यापक शैलेज तिवारी की उपस्थिति रही। समस्त प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमणों के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने के हेतु प्रेरित किया। **फोटो : विकास गुप्ता**

# निर्भय सिंह ने 62वें जन्मदिन के अवसर पर पेड़ लगाकर मनाई खुशियाँ

## 62वा जन्मदिन पर केक काटे और पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव व पर्यावरणविद निर्भय सिंह का 62वा जन्मदिन गाँधीवादी विचारक राजगोपाल पी.व्ही. एवं समिति सदस्य और कार्यकर्त्ता टीम के साथ केक काटकर, पेड़ लगाकर मनाई खुशियाँ। निर्भय सिंह ने अपने सन्देश में बताया की जीवन के लिए पेड़ो का बहुत ही महत्व है ये हमें जीवन देते है आप सभी



पर्यावरण प्रेमी बनकर अधिक से अधिक पेड़ लगाये और अच्छे नागरिक का परिचय दीजिये। जिन लोगों तक मेरा सन्देश पहुंचे वे सभी लोग भी अपने जन्मदिन व अन्य उत्सव पर जरूर पेड़ लगाए। हमने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी 50 हजार पौधे लगाने का संकल्प है और जल संरक्षण के तहत इस वर्ष समिति के प्रयासों 40 खेत तालाब बनवाये गए है। निर्भय सिंह का जीवन बहुत ही संघर्षशील रहा है। अपने जीवनकाल में लाखों वंचितों और पिछड़े लोगों की आजीविका सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।

## फल विक्रेताओं से अब नहीं होगी अवैध वसूली

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** एसपी ऑफिस में आयोजित मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में फुटकर फल विक्रेताओं ने एसपी को एक लिखित आवेदन देते हुए कृषि उपज मंडी परिसर में कतिपय थोक फल विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से 4 प्रतिशत कमीशन एवं प्रति कैरेट 10 रूपए अतिरिक्त राशि वसूले जाने की शिकायत की थी। जिस पर एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एएसपी कमल ने शिकायत के समाधान के लिए मंडी प्रांगण पहुंचकर कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष, सचिव, थोक एवं फुटकर फल विक्रेताओं तथा संबंधित अधिकारियों एवं व्यापारियों की बैठक बुलाकर बात की। सभी पक्षों की बात विस्तार से सुनने के उपरांत शिकायत का समाधान किया गया तथा कृषि उपज मंडी अधिनियम एवं नियमावली के अनुरूप आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

# शहर में ज्वेलर्स की दुकान से एक लाख की लूट तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया प्रकरण

## पीड़ित का आरोपियों से पहले से था विवाद, पुलिस कर रही मामले की जाँच

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थाने के हीरागंज इलाके में स्थित प्रेम ज्वेलर्स में दोपहर करीब डेढ़ बजे तीन बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। लुटेरे करीब 95 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में संतोष कुमार सोनी निवासी देवराखुर्द, थाना एनकेजे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार संतोष कुमार अपनी दुकान पर बैठे थे तभी गांव के विनोद तिवारी अपने दो साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा। इनमें एक की पहचान नहीम खान के रूप में हुई है, जबकि तीसरे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। तीनों ने काउंटर पर रखे जेवर उठाने की कोशिश की। जब संतोष कुमार ने विरोध किया तो विनोद तिवारी ने दुकान में रखी बेंच उठाकर तोड़-फोड़ कर दी। इस घटना से भयभीत पीड़ित कुछ नहीं बोल पाया। आरोपियों ने मौके का फायदा उठाते हुए 3 जोड़ी चांदी की पायल लगभग 100 ग्राम और 2 जोड़ी सोने के टॉप्स लगभग 5 ग्राम लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि लूटे गए जेवरों की कुल कीमत करीब 95,000 रुपए है। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज कर लिया है और तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय गवाहों के बयानों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि इस घटना को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए टीम प्रयास कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि पहले से भी इनका विवाद था इसलिए विवेचना जारी है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार एनकेजेज थाना क्षेत्र में देवाखुर्द गांव के दोनों निवासी है। किसी बात को लेकर लूट की रिपोर्ट दर्ज होने से पहले संजय कुमार सोनी व विनोद तिवारी से हुए विवाद की रिपोर्ट भी एनकेजे थाना में दर्ज की गई थी। इसमें दोनों पक्षों की शिकायत के बाद एनकेजे थाना क्षेत्र में दोनों पर काउंटर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पुलिस सभी पहलुओं को देखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# शिकागो पब्लिक स्कूल में सर्प मित्र ने दूर किए सांपों को लेकर भ्रम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शिकागो पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्प मित्र विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को सांपों से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराया और वर्षों से चली आ रही भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने चेक्ड कील बैक (विषहीन) सांप का सुरक्षित लाइव प्रदर्शन कर की। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल और रोचक ढंग से जवाब दिया। विवेक शर्मा ने बताया कि दुनिया में पाई जाने वाली तीन हजार से अधिक सांपों की प्रजातियों में केवल 10 से 15 प्रतिशत ही विषैली होती हैं। अधिकांश सांप पर्यावरण में चूहों और अन्य हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित कर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भारत में पाए जाने वाले चार प्रमुख विषैले सांप-कोबरा (नाग), करैत, वाइपर (घोणस) और रसेल वाइपर-की पहचान, उनकी विशेषताओं तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि कहीं सांप दिखाई दे तो उसे मारने के बजाय तत्काल सर्प मित्र या वन विभाग को सूचना दें, ताकि उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके।

कार्यक्रम में शाला संचालक मोहन नागवानी, प्राचार्य आर.एल. निगम, भारतीय नागवानी, मुस्कान मूजर तथा हरीश झामनानी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। प्राचार्य आर.एल. निगम ने कहा कि ऐसे व्यावहारिक कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ाते हैं। वहीं शाला संचालक मोहन नागवानी ने सर्प मित्र विवेक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## रेलवे स्टेशन के बाहर बेतरतीब पार्किंग राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मुख्य रेलवे जंक्शन के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर रेलिंग के सामने बेतरतीब तरीके से खड़े किए जा रहे वाहनों के कारण पैदल यात्रियों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन परिसर के बाहर यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वाहन चालक अपनी दोपहिया और चारपहिया गाड़ियां स्टेशन के बाहर रेलिंग के किनारे खड़ी कर ट्रेन से जबलपुर और अन्य शहरों के लिए रवाना हो जाते हैं। कई वाहन पूरे दिन और कई बार रातभर तक वहीं खड़े रहते हैं। इससे स्टेशन के मुख्य प्रवेश मार्ग पर पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और सामान लेकर आने-जाने वाले यात्रियों को होती है। उन्हें वाहनों के बीच से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। व्यस्त समय में यहां भीड़ बढ़ने पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्टेशन के बाहर पार्किंग की अलग व्यवस्था होने के बावजूद मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे आम यात्रियों की सुविधा प्रभावित हो रही है।

# पुलिस की काम्बिंग गश्त में 132 वारंटी हुए गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिला कटनी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। स्थाई वारंटी- कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 24 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तारी वारंटी- काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 52 वारंटी गिरफ्तार किए गए। गुंडा चेकिंग- पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 49 गुंडा चेक किए गए। निगरानी बदमाश- कटनी



पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 41 निगरानी बदमाश चेक किए गए। अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने काम्बिंग गस्त के दौरान 04 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत दर्ज किए गए। जमानती वारंट- कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमंस व 56 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। समंस- कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 60 संमंस गस्त के दौरान तामील किए गए। धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति भंग करना पाये जाने पर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 126, 135 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति कायम रखने हेतु 35 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। जिलाबदर चेकिंग- कांबिंग गस्त के दौरान जिला बदर किए गए 01 बदमाश को चेक किया गया। मुसाफिर चेक-कांबिंग दस्त के दौरान रात्रि में आने जाने वाले 60 मुसाफिरों को चेक कर रजिस्टर में इंद्राज किया गया।

फोटो : विकास गुप्ता

# कम पानी एवं कम अवधि वाली फसलों का बढ़ाएं रकबाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## श्रीअन्न के उत्पादन को दें प्राथमिकता, सरकार किसानों के हित में कर रही सभी व्यवस्थाएं

भोपाल (स्वतंत्र मत)।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है। यह बड़े मुनाफे का काम है। किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनायें। मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है। कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है। किसान भाई-बहन खेतों में उपलब्ध नमी का संरक्षण करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से विशेष रूप से श्रीअन्न (मोटा अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य कम पानी में सफलतापूर्वक पैदा होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये फसलें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप होने के साथ कम लागत, अधिक पोषण एवं किसानों की आय वृद्धि के बेहतर विकल्प की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी श्रीअन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

### सभी विभागों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाकर ही उत्पादन और आय को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अन्नदाता अपने अनुभव, परिश्रम और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा परिस्थितियों के अनुरूप हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। सरकार का प्रयास है कि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े। कृषि उत्पादन प्रभावित न हो और किसानों के हित भी हर तरह से सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कृषि और अन्नदाता प्रदेश के साथ देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक जरूरतों के अनुसार उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। इसी आशय से प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

### किसानों को कर रहे जागरूक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को मानसून और बारिश की अपडेट्स के लिए सोशल मीडिया आधारित मैसेजिंग सिस्टम पर विशेष जोर दिया है। बारिश कम होने की स्थिति में बीज उपचार, बुवाई की तकनीक, कम पानी में उपज देने वाली फसलों जैसे-बाजरा, ज्वार, उड़द, मूंग, अरहर, कोदो-कुटकी की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऐसी फसलें कम पानी और कम अवधि में बेहतर उत्पादन के लिए अच्छा विकल्प हैं। इसके अलावा किसानों को मोबाइल पर मैसेज भेजकर भी मौसम के पूर्वानुमान से जुड़ी सलाह दी जा रही है।

# एमपी में पिछले 24 घंटे में 40 जिलों में जोरदार बारिश

**भोपाल।** प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे में 40 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर में ढाई इंच से ज्यादा बारिश हुई। मंडला में 2.2 इंच, खंडवा में पौने 2 इंच, भोपाल में डेढ़ इंच, दतिया, नौगांव और बालाघाट में सवा इंच, रतलाम, बैतूल और धार में 1 इंच, खरगोन में आधा इंच से ज्यादा, पचमढ़ी और दमोह में आधा इंच, जबकि नर्मदापुरम, जबलपुर और उमरिया में पौन इंच बारिश हुई। प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से कई जिलों में हालात बिगड़ गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। कई इलाकों में घरों और खेतों में पानी भर गया है, जबकि कई सड़कों और पुलों पर पानी बहने से यातायात प्रभावित हुआ है। हरदा में तेज बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क कट गया है। ग्राम मांदला के पास कालीमाचक नदी का पानी पुल से करीब तीन फीट ऊपर बह रहा है, जिससे नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद हो गया है। आष्टा क्षेत्र के बापचा दोनिया गांव में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन दोनों बच्चों को आष्टा के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## आष्टा में डूबने से दो बच्चों की मौत, हरदा में कई गांवों का संपर्क टूटा

आवागमन पूरी तरह बंद, रेड अलर्ट जारी - खंडवा में पिछले कई घंटों से झमाझम बारिश जारी है। रेड अलर्ट के बीच यहां चार इंच तक बारिश होने का अनुमान है। लगातार हो रही तेज बारिश के चलते खंडवा जिले के किल्लौद ब्लॉक के ग्राम गरबड़ी स्थित नाले में बाढ़ आ गई। उफनते नाले के कारण खिरकिया मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि पानी का बहाव कम होने तक नाले को पार करने की कोशिश न करें और सुरक्षित स्थानों पर ही रुकें। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र के कई निचले इलाकों में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन हालात पर लगातार नजर रखे हुए है।

### निःशुल्क बीज वितरण आज

दमोह। हिण्डोरिया क्षेत्र के किसान बंधुओ के लिए कृषि विकास विभाग द्वारा किसान हितैषी योजना आत्म निर्भर दलहन मिशन के अंतर्गत निःशुल्क बीज वितरण आज 5 जुलाई को दोपहर 03 बजे से बगिया परिसर हिण्डोरिया में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। उन्होंने कहा बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराया अनिवार्य हैं पंजीयन के बिना बीज का वितरण नहीं किया जायेगा। प्रत्येक पंजीकृत किसान को 4 किलोग्राम की उड़द या अरहर की किट प्रदाय की जायेगी।

# नोहटा में राज्यमंत्री लोधी ने की जनसुनवाई



**70 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई**

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के नोहटा स्थित कार्यालय में शनिवार को नियमित जनता दरबार एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जबेरा विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं एवं आवेदन लेकर पहुंचे। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकतम मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा प्रत्येक शनिवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नोहटा कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाती है जिससे क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने कहा इस सप्ताह आयोजित जनसुनवाई में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश का तत्काल निराकरण कर दिया गया तथा शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्यमंत्री ने कहा जनसुनवाई व्यवस्था से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। पहले नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तेंदूखेड़ा अथवा जबेरा जाना पड़ता थाए लेकिन अब प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नोहटा कार्यालय में ही शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

### 25 जुलाई तक होंगे पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पंजीयन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाली पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। 7 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय के तीन श्रेष्ठ विद्यार्थी जो की कक्षा नवमी से 12वीं के हो सकते हैंए का चयन कर ऑनलाइन पंजीयन कराया जायें। यह प्रतियोगिता सभी सीबीएसई विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के सभी शासकीय ध्अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है।

# बड़ा तालाब के एफटीएल दायरे में फार्म हाउस-बंगले

### कार्रवाई करने मैदान में उतरी जिला प्रशासन-निगम की टीमें

**भोपाल।** भोपाल के बड़ा तालाब किनारे अतिक्रमण और कब्जों को हटाने के लिए शनिवार से फिर बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई। जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की टीमें कार्रवाई के लिए मैदान में उतरी। इस दौरान फार्म हाउस और बंगले हटाए जा रहे हैं। ये बड़ा तालाब के फुल टैंक लेवल यानी एफटीएल के दायरे में आ रहे थे। बता दें कि कुछ दिन पहले ही नगर निगम ने नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल (एनजीटी) में अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पेश की थी। जिसमें बताया था कि तालाब क्षेत्र के 21 अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इसके चलते शनिवार से कार्रवाई शुरू की गई। सुबह से ही नगर निगम बिल्डिंग शाखा, जिला प्रशासन की टीमें गौरागांव, बिशनखेड़ी पहुंची और कार्रवाई शुरू की। निगम के उपायुक्त भुवन गुप्ता के निर्देशन में पूरी कार्रवाई की जा रही है। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा, तहसीलदार कुणाल राउत भी मौजूद हैं। शनिवार को कुल 6 अतिक्रमण हटाए जाएंगे। एफटीएल के दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को लेकर नगर निगम पहले ही नोटिस दे चुका था। जिसमें कहा गया था कि भोज वेटलैंड का फुल टैंक लेवल (एफटीएल) का सीमांकन किया गया। इसके 50 मीटर के दायरे में आने वाले भवन, प्लाट-खसरा की सर्वे सूची अनुसार, अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



निगम की रिपोर्ट के मुताबिक सेवनिया गौंड, गौरा विशनखेड़ी और प्रेमपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सर्वे में चिन्हित 21 अतिक्रमणों में से तीन निर्माण वर्ष 2022 से पहले के हैं, जबकि बाकी 18 निर्माण 2022 के बाद किए गए बताए गए हैं।

# हटा-पटेरा फोरलेन निर्माण-चौड़ीकरण की कार्रवाई पर उठे सवाल

## एमपीआरडीसी के नोटिस से बढ़ा भ्रम

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा-पटेरा फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना के तहत लगभग एक किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण कार्य जारी है लेकिन निर्माण के साथ ही अतिक्रमण हटाने और स्थायी निर्माणों को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई में एकरूपता नहीं है और कुछ मामलों में नियमों की अनदेखी करते हुए मुंहदेखी तरीके से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण शुरू होने से पहले राजस्व विभाग की टीम ने मार्ग का सीमांकन किया था। इसी सीमांकन के आधार पर चौड़ीकरण का कार्य भी प्रारंभ किया गया। प्रारंभिक चरण में अंधियारा बगीचा के पास सड़क किनारे बने अस्थायी टपरों को हटाया गया था। बाद में इन टपरों को कब्रिस्तान की भूमि पर स्थापित किए जाने पर विश्व हिंदू परिषद ने आपत्ति दर्ज कराई थी। इसी क्षेत्र में पुलिया निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। अब सड़क किनारे बने कुछ स्थायी निर्माणों को हटाने के लिए एमपीआरडीसी द्वारा सीधे नोटिस जारी किए जाने से कानूनी प्रक्रिया को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई है। जानकारों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने अथवा बेदखली की कार्रवाई का अधिकार राजस्व विभागए नगरपालिका अथवा ग्राम पंचायत के पास होता है। निर्माण एजेंसी की भूमिका सामान्यतः संबंधित विभागों को सूचना देने और निर्माण कार्य तक सीमित रहती है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि सड़क निर्माण में बाधक बने सभी निर्माणों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं की जा रही जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि यदि सड़क चौड़ीकरण के लिए निर्माण हटाना आवश्यक है तो सभी प्रभावितों पर समान नियम लागू होने चाहिए। इस संबंध में पटवारी अनिल शुक्ला ने बताया कि उन्हें अतिक्रमण हटाने अथवा बेदखली संबंधी किसी कार्रवाई की जानकारी नहीं है। वहीं एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने स्पष्ट किया कि हटा-पटेरा फोरलेन निर्माण के लिए फिलहाल न तो अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई प्रारंभ की गई है और न ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार संबंधित विभागों के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में एमपीआरडीसी द्वारा जारी किए गए नोटिस और प्रशासन के आधिकारिक बयान के बीच अंतर सामने आने से पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में पारदर्शिता और एक समान प्रक्रिया अपनाई जाना आवश्यक है ताकि किसी प्रकार का विवाद या भ्रम उत्पन्न न हो।

### भाजपा दीनदयाल नगर मंडल की संगठनात्मक मासिक बैठक संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी दमोह विधानसभा अंतर्गत पंण् दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल की मासिक मंडल बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में एवं जिला महामंत्री महेश पटेलए मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री रानू नामदेव, जिला सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र अहिरवारए अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साजिद रिजवी आतिथ्य में संपन्न हुई।

# विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर मिलेंगी सुविधाएं

## राज्यमंत्री ने किये 1.13 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जबेरा के ग्राम चौपरा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने 1 करोड़ 13 लाख 78 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम महुआखेड़ा में 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम पौड़ी महाराज सिंह में 14.78 लाख रुपये की लागत से पिलर सहित छत निर्माण, ग्राम चौपरा के चंडी प्रांगण में 25 लाख रुपये की लागत से पिलर सहित छत निर्माण, ग्राम हरदुआ सुम्मेर सिंह में 10 लाख रुपये की लागत से शांति धाम का सौंदर्यीकरण तथा ग्राम चौपरा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में 44 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल हैं।



राज्यमंत्री ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शिक्षा, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा उनका संकल्प है कि आने वाले समय में जबेरा विधानसभा को विकास के क्षेत्र में प्रदेश की क्रमांक एक विधानसभा बनाया जाए।

### यात्री बस ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर

दमोह (स्वतंत्र मत)।

देहात थाना दमोह क्षेत्र की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत न्यू दमोह कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे यात्री बस ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बस जब्त कर ली है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान न्यू दमोह निवासी कृष्णा अहिरवार 21 वर्ष पिता सेवक राम अहिरवार के रूप में हुई है।



### राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अवधेश बड़गैंया हुए सेवानिवृत

दमोह (स्वतंत्र मत)।

शासकीय रानीदुर्गावती माध्यमिक कन्या शालाए पथरिया में पदस्थ राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अवधेश बड़गैंया के 43 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार ने उनके सम्मान में सेवानिवृत्ति सेवा सम्मान समारोह का आयोजन संतों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अजब धाम के छोटे सरकार, लखरोनी स्थित आश्रम के आत्मानंद, प्रसिद्ध कथावाचक प्राची देवी के अलावा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुशमारिया, जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे सहित एसडीएम निकेत चौरसिया, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गुरु, नगर पंचायत पथरिया के अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सहित अनेक अतिथियों की उपस्थिति में सेवानिवृत्ति सम्मान का आयोजन किया गया।

# सांदीपनि प्राथमिक शाला बूढ़ा हटा का पहुंच मार्ग बदहाल

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर के गांधी वार्ड स्थित सांदीपनि प्राथमिक शाला बूढ़ा हटा तक पहुंचने वाला मार्ग इन दिनों बेहद दयनीय स्थिति में है। स्कूल आने वाले नन्हे विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रतिदिन कचरे एवं मलबे के ढेर के बीच से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है जिससे बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर खतरा मंडराने लगता है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से कचरा और निर्माण सामग्री का मलबा पड़ा हुआ है। इसके कारण विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चे कीचड़ और गंदगी के बीच से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं।



**स्कूल परिसर में जलनिकासी नहीं होने से हर बारिश में बनते हैं संकट के हालात, जिम्मेदारों से समाधान की मांग**

समस्या केवल पहुंच मार्ग तक सीमित नहीं है। तेज बारिश के दौरान विद्यालय परिसर में भी जलभराव की स्थिति बन जाती है। बताया जाता है कि नगर पालिका द्वारा बनाई गई सीमेंट सड़क के कारण स्कूल परिसर का वर्षा जल बाहर नहीं निकल पाताए जिससे पूरा परिसर तालाब जैसा दिखाई देने लगता है। ऐसे में बच्चों का कक्षाओं तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है और शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पिछले वर्ष तत्कालीन प्राचार्य अशोक अग्रवाल ने जलनिकासी की समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए थे लेकिन वे कार्य अधूरे रह गए। अब वर्षाकाल शुरू होने के साथ ही विद्यार्थियों की परेशानी फिर बढ़ गई है। अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि विद्यालय पहुंच मार्ग से तत्काल कचरा एवं मलबा हटाया जाए तथा स्कूल परिसर में स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था कराई जाए ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में शिक्षा मिल सके। शिक्षा के मंदिर तक पहुंचने का रास्ता यदि बदहाल रहेगा तो इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और उनके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में संबंधित विभागों को इस समस्या का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि मासूम विद्यार्थियों को बारिश के पूरे मौसम में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ग (5) के अंतर्गत)

**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी आयुषी पाम ग्रीन अपार्टमेंट रखरखाव रहवासी सहकारी समिति मर्या. गंगानगर गढ़ा जिला जबलपुर प.क्र. 109676**

क्रमांक/2026/निर्वाचन-2/01 दिनांक-04.07.2026

**निर्वाचन कार्यक्रम**

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक/सह.नि.प्रा./ निर्वाचन-22026/749 दिनांक 22.06.2026 के द्वारा मुझे आयुषी पाम ग्रीन अपार्टमेंट रखरखाव रहवासी सहकारी समिति मर्या. गंगा नगर गढ़ा जबलपुर प.क्र. 109676 के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है, जो कि सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूँ।

1- सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि के अनुसार संचालक मंडल के लिए निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या - 11 (अ) सामान्य वर्ग 11, महिला वर्ग - 02
(ब) अनुसूचित जाति वर्ग - 01 (स) अनुसूचित जन जाति वर्ग निरंक
2- नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय दिनांक- 13.07.26 समय दोपहर 12 से 2 बजे स्थान संस्था कार्यालय।
3- नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 14.07.26 को दोप. 12 बजे से जांच पूर्ण होने तक, स्थान - संस्था कार्यालय
4- नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारो की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन- दिनांक - 15.07.26 समय 12 से 2 बजे तक स्थान संस्था कार्यालय
5- विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना - दिनांक 22.07.26 समय 12 से 2 बजे तक स्थान - संस्था कार्यालय(चुनाव समाप्त होने के बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी)
6 - रिक्त स्थानों का सहयोजन दिनांक- 23.07.26 समय 12 से 2 बजे तक स्थान संस्था कार्यालय
7- रिक्त स्थानों के नामांकन की तिथि - दिनांक - 24.07.26 स्थान संस्था कार्यालय
8 - अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियो के निर्वाचन की सूचना जारी करना - दिनांक- 25.07.26 स्थान संस्था कार्यालय
9 - अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियो के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान दिनांक - 28.07.26 समय 12 से 2 बजे तक स्थान- संस्था कार्यालय

**राजेंद्र यादव**
**रिटर्निंग अधिकारी**
आयुषी पाम ग्रीन अपार्टमेंट रखरखाव रहवासी सहकारी समिति मर्या. गंगा नगर गढ़ा जबलपुर प.क्र. 109676



## एमपी ट्रांसको को हासिल हुआ अंतराष्ट्रीय प्रमाणन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । एमपी ट्रांसको के राज्य भार प्रेषण केंद्र को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए प्रतिष्ठित 'आईएसओ/आईईसी 27001:2022' अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन हासिल हुआ है। देश के बड़े राज्य भार प्रेषण केंद्रों में यह विशेष गौरव हासिल करने वाला मध्य प्रदेश का एसएलडीसी अग्रणी सेंटर बन गया है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ा है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस सफलता की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रमाणन दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्था 'क्वालिटी एशिया सर्टिफिकेशन' द्वारा विस्तृत मूल्यांकन और कड़े ऑडिट के बाद दिया गया है।

बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में भीषण हादसा

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर** । बेलखेड़ा थाने में 24 वर्षीय रंजीत भूमिया निवासी ग्राम सुनाचर बेलखेड़ा ने बताया कि बीती रात वह अपने बड़े भाई देवेन्द्र भूमिया के साथ बाइक से बहनोई को छोड़ने के लिये पाटन गये थे। वहां से वापस आते समय बाइक भाई चला रहा था और वह पीछे बैठा था। जैसे ही अन्नपूर्णा ढाबा के पास पहुँचा कि पीछे से आ रही बाइक के चालक ने तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उनकी बाइक में टक्कर मार दि जिससे वह गिर गया और उसे पैर में चोट आई भाई देवेन्द्र को सिर में चोट आने पर उपचार के लिए शहपुरा अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसके बड़े भाई को मृत घोषित कर दिया।






# कलेक्टर ने जांची मेडिकल अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शनिवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का



जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर उपचार व्यवस्थाए साफ सफाई, आवश्यक सुविधाओं तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पताल में साफ सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ सुनिश्चित की जाएं।

## तृप्ति नारंग पीएसवाय राष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद की एडवायजरी काउन्सिल में शामिल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्रतिभा सम्मान योजना (पीएसवाय) राष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद (भोपाल जोन) की सलाहकार समिति में सत्र 2026 हेतु एडवायजरी काउन्सिल का विस्तार किया गया है। इस परिषद के अंतर्गत जबलपुर मंडल और छत्तीसगढ़ के रायपुर मंडल के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य एवं विशेषज्ञ व्यक्तियों जैसे पेशेवर शिक्षक, प्राचार्य, अधिवक्ता, सामाजिक बुद्धिजीवी, कार्यकर्ता तथा वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। इसी कड़ी में जबलपुर से हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी, देवताल की प्राचार्या तृप्ति नारंग को एडवायजरी काउन्सिल के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सदस्य सहित अनेक लोगों ने बधाइयां प्रेषित की है।

***इन्हें भी किया गया नियुक्त*** – इसी के साथ पीएसवाय राष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद की सलाहकार समिति में सत्र 2026 हेतु जबलपुर निवासी सुचित्रा निगम, भिलाई निवासी प्रीति गुप्ता, मंदसौर निवासी अरुण पालीवाल, रीवा निवासी मुकेश कुमार शर्मा, सागर निवासी राज्यवर्धन सिंह सिसोदिया, बेमेतरा निवासी गंजेन्द्र यादव, जबलपुर निवासी ज्योति श्रीवास्तव, अंबिकापुर निवासी सुनीता दास, बिलासपुर निवासी वासुदेव पांडे, बलौदा बाजार निवासी वंदना तिवारी एवं सतना निवासी रघुराज प्रसाद तिवारी को एडवायजरी काउन्सिल सदस्य नियुक्त किया गया है।

## खाक में मिलाया 149.477 ग्राम गांजा



**जबलपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 21 प्रकरणों में बरामद हुए लगभग 149.477 ग्राम मादक पदार्थ गांजा को पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में शनिवार को एसीसी सीमेंट फैक्ट्री कैमोर जिला कटनी में विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, एएसपी सूर्यकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

































हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**